# वार्षिक प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा 2016-17



मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर



भारत रत्न पं. मदन मोहन मालवीय

# दृष्टि

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने एवं उत्कृष्ट नवीनतम प्रौद्योगिकी के विकास तथा शोध कार्य संचालन हेतु एक ऐसे केन्द्र की स्थापना करना जिससे प्रौद्योगिकी विकास की वर्तमान तथा भावी चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक किया जा सके।

# मिशन

उद्योग क्षेत्र की वर्तमान तथा भावी आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी जन संसाधनों का विकास करना। संस्थान में प्रवेश करने वाले युवा अभियन्ताओं एवं वैज्ञानिकों में नेतृत्व गुणों के विकास पर बल देते हुए, उद्योगों के साथ सहभागिता के आधार पर शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान क्षेत्र को पुनर्गठित करना जिससे कि वे सामाजिक विकास के प्रति संवेदनशील रहकर प्रगति व विकास के अवसरों की पहचान अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कर सकें।

एमएनआईटी जयपुर

# वार्षिक प्रतिवेदन
# एवं
# वार्षिक लेखा
# 2016-17

## मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान

जयपुर-302017

**डाक का पता** : मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
जवाहरलाल नेहरू मार्ग
जयपुर (राजस्थान) (भारत) 302017

**दूरभाष** : (0141) 2529087

**फैक्स** : (0141) 2529029

**सम्पादक – मण्डल**

**डॉ. अशोक कुमार सोलंकी**
कुलसचिव

**डॉ. लव भार्गव**
सह–आचार्य, वैद्युद्वणिकी अभियान्त्रिकी
संयोजक, संस्थान वार्षिक प्रतिवेदन

**डॉ. सुमन राठौड़**
सहायक कुलसचिव
सह–संयोजक, वार्षिक प्रतिवेदन

**हिन्दी अनुवाद**

**श्री अशोक कुमार अग्रवाल**
समन्वयक, राजभाषा एवं
सह–आचार्य, वैद्युत अभियान्त्रिकी

**डॉ. आर.के. व्यास**
सदस्य, राजभाषा एवं
सह–आचार्य, रासायनिक अभियान्त्रिकी

**कम्प्यूटर टाईपिंग एवं सैटिंग**

**श्री विजय भट्ट**
कनिष्ठ सहायक
स्थापना अनुभाग

**मुद्रक** : पॉपुलर प्रिंटर्स, जयपुर
दूरभाष : 0141–2606883

# भाग–1

# वार्षिक प्रतिवेदन

# अनुक्रमणिका


| विवरण | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| **पुनरावलोकन** | | **01** |
| **परिचय** | | **07** |
| 1.1 | परिकल्पना एवं उद्देश्य | 07 |
| 1.2 | गुणवत्ता नीति | 07 |
| 1.3 | शिक्षा प्रणाली | 07 |
| 1.4 | नवीन पहल | 08 |
| **विहंगावलोकन** | | **09** |
| 2.1 | ऐतिहासिक पृष्ठभूमि | 09 |
| 2.2 | अवस्थिति (लोकेशन) | 10 |
| 2.3 | परिसर | 10 |
| 2.4 | प्रशासन | 11 |
| 2.5 | शैक्षणिक कार्यक्रम | 12 |
| 2.6 | प्रवेश प्रक्रिया | 13 |
| 2.7 | विद्यार्थी अन्तर्ग्रहण क्षमता | 14 |
| 2.8 | परीक्षा एवं मूल्याँकन | 19 |
| 2.9 | नियोजन | 20 |
| 2.10 | खेलकूद एवं क्रीड़ा | 20 |
| 2.11 | कर्मचारी स्थिति | 21 |
| **कर्मचारी वर्ग** | | **24** |
| 3.1 | अकादमिक संवर्ग (शैक्षणिक 31.3.2016 की स्थिति के अनुसार) | 24 |
| 3.2 | गैर–अकादमिक संवर्ग (अशैक्षणिक 31.3.2016 की स्थिति के अनुसार) | 32 |
| 3.3 | कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति | 33 |
| 3.4 | कार्य समय | 35 |
| **शैक्षणिक कार्यक्रम** | | **36** |
| 4.1 | प्रस्तावित पाठ्यक्रम | 36 |
| 4.2 | पाठ्यक्रमवार नामांकन | 36 |
| 4.3 | पाठ्यक्रमवार प्रवेश सांख्यिकी– पूर्वस्नातक/स्नातकोत्तर कार्यक्रम | 39 |
| 4.4 | छात्रावास | 43 |
| 4.5 | छात्रवृत्ति/वित्तीय सहायता | 47 |

| विवरण | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 4.6 | खेलकूद एवं क्रीड़ा | 47 |
| 4.7 | खेलकूद में उपलब्धियाँ | 47 |
| 4.8 | परीक्षा विवरण | 49 |
| 4.9 | प्रशिक्षण एवं नियोजन | 50 |
| 4.10 | ग्यारहवां दीक्षांत समारोह | 50 |
| **अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ** | | **54** |
| 5.1 | पीएच.डी. कार्यक्रम | 54 |
| 5.2 | 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 में प्रदान की गई पीएच.डी. उपाधियों का विवरण | 55 |
| 5.3 | प्रस्तावित शोध कार्यक्रम | 55 |
| 5.4 | उत्कृष्टता केन्द्र | 55 |
| 5.5 | उद्योग–संस्थान सहयोगी प्रकोष्ठ | 65 |
| 5.6 | राजभाषा प्रकोष्ठ | 68 |
| 5.7 | आन्तरिक शिकायत समिति (महिला प्रकोष्ठ) | 71 |
| **परिषद्, शासी परिषद् एवं अन्य समितियाँ** | | **72** |
| 6.1 | शासी परिषद् | 72 |
| 6.2 | वित्त समिति | 73 |
| 6.3 | भवन एवं निर्माण समिति | 74 |
| **अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विकलांग छात्रों के लिये रियायतें** | | **75** |
| 7.1 | छात्रों के लिये रियायतें | 75 |
| 7.2 | कर्मचारी के लिये रियायतें | 75 |
| **वित्तीय स्थिति** | | **76** |
| 8.1 | आयोजना एवं गैर आयोजना अनुदान विश्लेषण | 76 |
| 8.2 | कोष के स्त्रोत | 76 |
| 8.3 | गत तीन वर्षों की व्यय स्थिति | 76 |
| **केन्द्रीय सुविधाएँ एवं सेवायें** | | **77** |
| 9.1.1 | केन्द्रीय संगणक केन्द्र | 77 |
| 9.1.2 | नेशनल नॉलेज नेटवर्क (एनकेएन) एवं कैम्पस वाईड नेटवर्किंग (सीडब्ल्यूएन) | 88 |
| 9.1.3 | भाषा प्रयोगशाला | 89 |

| विवरण | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 9.2 | कार्यशालाएँ | 89 |
| 9.3 | पुस्तकालय | 90 |
| 9.4 | प्रयोगशालाएँ | 94 |
| 9.5 | भौतिक सुविधाएँ | 94 |
| 9.6 | खेलकूद एवं व्यायाम की सुविधाएँ | 95 |
| 9.7 | अन्य सुविधाएँ जैसे छात्रावास, मैस, कर्मचारी आवास, प्रशासन इत्यादि | 97 |
| **मुख्य उपलब्धियाँ** | | **102** |
| 10.1 | शोध, विकासात्मक गतिविधियाँ एवं सलाहकारिता | 102 |
| 10.2 | उत्कृष्टता के केन्द्र | 102 |
| 10.3 | आधारभूत संरचना विकास | 103 |
| 10.4 | विद्यार्थी गतिविधियाँ | 104 |
| 10.5 | पुस्तकालय | 105 |
| 10.6 | प्रशिक्षण एवं नियोजन | 105 |
| 10.7 | अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियाँ | 105 |
| **परिशिष्ट** | | **107** |
| 11.1 | शासी परिषद् | 107 |
| 11.2 | वित्त, भवन एवं निर्माण एवं अन्य समितियाँ | 108 |
| 11.3 | शोध परियोजनाएँ एवं परामर्श कार्य | 112 |
| 11.4 | संकाय/कर्मचारी स्थिति | 174 |
| 11.5 | प्रशिक्षण एवं अधिगम हेतु प्रायोजित संकाय सदस्य | 177 |
| 11.6 | पीएच.डी./एम.टैक. कर रहे या उपाधि प्राप्त कर चुके अभ्यार्थियों की सूची | 241 |
| 11.7 | संकाय सदस्यों को प्राप्त सम्मान एवं पुरस्कार | 297 |
| 11.8 | सम्मेलनों आदि में प्रकाशन एवं शोध पत्र | 301 |
| 11.9 | पाठ्यक्रम एवं प्रवेश | 417 |
| 11.10 | छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता | 429 |
| 11.11 | प्रशिक्षण एवं नियोजन सांख्यिकी | 432 |

# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

## वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016 - 2017

# पुनरावलोकन

### शैक्षणिक कार्यक्रम

वर्तमान में संस्थान में चार साल के यूजी पाठ्यक्रम बी.टेक. एवं पांच साल के वास्तुकला स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम चल रहे हैं। दो साल की अवधि के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम विशेष क्षेत्र की अग्रिम शिक्षा प्रदान करते हैं और अभियान्त्रिकी तथा प्रोद्योगिकी/प्रबन्ध/विज्ञान के क्षेत्र में अग्रिम ज्ञान रखने वो मानव संसाधन तैयार करते हैं। संस्थान में अभियान्त्रिकी/प्रौद्योगिकी/प्रबन्ध/विज्ञान/मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में पीएच.डी. की उपाधी हेतु पूर्णकालिक अवधि के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

### (अ) पूर्व स्नातक पाठ्यक्रम (प्रौद्योगिकी/वास्तुकला स्नातक)

इस संस्थान में अध्ययनार्थ प्रौद्योगिकी /वास्तुकला स्नातक पाठ्यक्रम निम्नलिखित विषयों में उपलब्ध हैं :–

| क्र. सं. | विषय/अवधि | प्रारम्भ होने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1 | वास्तुकला एवं नियोजन (पांच वर्षीय) | 1988 |
| 2 | जनपद अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |
| 3 | रसायन अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1988 |
| 4 | संगणक विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1994 |
| 5 | विद्युत अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |
| 6 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1984 |
| 7 | यांत्रिकी अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |
| 8 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |

### (ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (प्रौद्योगिकी/विज्ञान/प्रबंध निष्णात)

एम.टैक./एम.प्लान./एम.बी.ए./एम.एससी. डिग्री हेतु संस्थान में निम्नलिखित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं :–

| क्र.सं. | विभाग | पाठ्यक्रम | प्रारम्भ होने का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | उर्जा एवं पर्यावरण केन्द्र | अक्षय उर्जा | 2013 |
| 2 | रासायनिक अभियान्त्रिकी | रासायनिक अभियान्त्रिकी | 2006 |
| 3 | जनपद अभियांत्रिकी | पर्यावरण अभियान्त्रिकी | 1989 |
| 4 | जनपद अभियांत्रिकी | जल संसाधन अभियान्त्रिकी | 1985 |
| 5 | जनपद अभियांत्रिकी | कैड/संरचनात्मक अभियान्त्रिकी | 1996/2006 |
| 6 | जनपद अभियांत्रिकी | परिवहन अभियान्त्रिकी | 1996 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | जनपद अभियांत्रिकी | डिसास्टर मैनेजमेंट एण्ड मिटिगेशन | 2010 |
| 8 | संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | संगणक अभियान्त्रिकी | 2008 |
| 9 | संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | संगणक अभियान्त्रिकी एवं सूचना सुरक्षा | 2016 |
| 10 | विद्युत अभियान्त्रिकी | विद्युत प्रणाली | 1987 |
| 11 | पदार्थ अनुसंधान केन्द्र | पदार्थ विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी | 2016 |
| 12 | विद्युत अभियान्त्रिकी | विद्युत वैधुद्वणिकी एवं ड्राइव | 2015 |
| 13 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी | वी.एल.एस.आई. रचना | 2006 |
| 14 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी | वायरलैस एण्ड ऑप्टीकल कम्यूनीकेशन | 2014 |
| 15 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी | एम्बीडेड सिस्टम्स | 2014 |
| 16 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी | 1992 |
| 17 | यांत्रिक अभियांत्रिकी | मैन्यूफैक्चरिंग सिस्टम / औद्योगिक अभियान्त्रिकी | 1996 / 2013 |
| 18 | यांत्रिक अभियांत्रिकी | तापीय अभियान्त्रिकी / थर्मल अभियान्त्रिकी | 2006 / 2013 |
| 19 | यांत्रिक अभियांत्रिकी | उत्पादन अभियान्त्रिकी | 2013 |
| 20 | यांत्रिक अभियांत्रिकी | ड़िजायन अभियांत्रिकी | 2013 |
| 21 | धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | अलौह धातुकी / धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | 1971 / 2006 |
| 22 | धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | इस्पात प्रौद्योगिकी | 2013 |
| 23 | वास्तु–कला एवं योजना | अरबन योजना (प्लानिंग) | 2008 |
| 24 | आपदा शमन एवं प्रबंध का राष्ट्रीय केन्द्र | भूकम्प अभियांत्रिकी | 2015 |
| 25 | रसायन शास्त्र | अनुप्रयुक्त रसायन शास्त्र | 2006 |
| 26 | गणित | अनुप्रयुक्त गणित | 2006 |
| 27 | भौतिकी | अनुप्रयुक्त भौतिकी | 2006 |
| 28 | प्रबंध अध्ययन | एमएमएस / एम.बी.ए. | 1996 / 2006 |

## प्रवेश प्रक्रिया

### (अ) स्नातक पाठ्यक्रम

पूर्व स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश केन्द्रीय सीट आवंटन बोर्ड (CSAB) द्वारा आयोजित जेईई–मैन परीक्षा और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की ओर से आयोजित जोसा (JoSAA – Joint Seat Allocation Authority) की ऑनलाईन केन्द्रीय काउन्सलिंग द्वारा किये जाते हैं। जेईई–मैन के माध्यम से प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 + 2

(कक्षा बारहवीं) की वार्षिक परीक्षा अथवा इसके समकक्ष की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विदेशी छात्रों का प्रवेश दासा (DASA), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (ICCR), और विदेश मंत्रालय (MEA) के माध्यम से होता है।

**(ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम**

अभियान्त्रिकी, विज्ञान एवं प्रबन्ध अध्ययन विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश निम्नानुसार दिया जाता है (i) पूर्णकालीन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को प्रवेश भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित परीक्षा गेट में प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाता है। (ii) प्रायोजित विद्यार्थियों को प्रवेश साक्षात्कार, लिखित परीक्षा अथवा गेट (सीटों की उपलब्धता पर)में प्राप्त अंकों के आधार पर पूर्णकालीन अथवा अंशकालीन प्रवेश दिया जाता है। (iii) एम.एस.सी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीसीएमएन (एम.एस.सी. / एम.एस.सी. (टेक) की केन्द्रीय काउन्सलिंग) द्वारा दिया जाता है। (iv) एमबीए एवं पीएच.डी. पाठ्यक्रम (पूर्णकालीन अथवा अंशकालीन) में प्रवेश हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा साक्षात्कार / परीक्षा संचालित की जाती है।

**शासी परिषद्**

संस्थान का संचालन शासी परिषद् द्वारा किया जाता है। शासी परिषद् का गठन इस प्रकार है–

(1) अध्यक्ष (विजिटर द्वारा मनोनीत)

(2) संस्थान के निदेशक, पदेन अधिकारी

(3) तकनीकी शिक्षा एवं वित्त से सम्बद्ध दो व्यक्ति जो कि भारत सरकार के संयुक्त सचिव से नीचे की रैंक के न हो केन्द्र सरकार द्वारा मनोनीत

(4) तकनीकी या औद्योगिक क्षेत्र से सम्बद्ध दो व्यक्ति जो जहां पर संस्थान स्थापित है उस राज्य की सरकार द्वारा मनोनीत

(5) परिषद् द्वारा मनोनीत दो व्यक्ति जो कि शिक्षा, अभियान्त्रिकी या विज्ञान के सम्बन्ध में विशिष्ठ ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखते हों इनमें से कम से कम एक महिला

(6) एक आचार्य एवं एक सहायक आचार्य या व्याख्याता संस्थान की सीनेट से मनोनीत

(7) निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जिसके क्षेत्र में संस्थान विद्यमान है, अथवा उनका नामिती, जो कि आचार्य के पद से निम्न न हो.

वर्तमान शासी परिषद् का विवरण परिशिष्ट 11.1 में उपलब्ध है।

**वित्त समिति**

वित्त समिति का गठन शासी परिषद् द्वारा किया जाता है। समिति का गठन इस प्रकार है–

(1) अध्यक्ष शासी परिषद, पदेन अध्यक्ष

(2) संस्थान के निदेशक, पदेन अधिकारी सदस्य

(3) संयुक्त सचिव जो कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों को डील करता हो या उनका मनोनीत एवं वित्त सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय या उनका मनोनीत सदस्य

(4) शासी परिषद् द्वारा उनके सदस्यों में से मनोनीत दो सदस्य

(5) कुलसचिव, पदेन अधिकारी, सदस्य–सचिव

समिति संयोजन परिशिष्ट 11.2 में उपलब्ध है।

### भवन एवं निर्माण समिति

समिति का गठन शासी परिषद् द्वारा किया जाता है। समिति का गठन इस प्रकार है–

(1) संस्थान के निदेशक, पदेन अध्यक्ष

(2) केन्द्र सरकार द्वारा मनोनीत एक व्यक्ति जो कि निदेशक या उप–सचिव से नीचे की रैंक के न हो

(3) शासी परिषद् द्वारा उनके सदस्यों में से मनोनीत एक सदस्य

(4) कुलसचिव, पदेन अधिकारी, सदस्य–सचिव

(5) अधिष्ठाता (नियोजन एवं विकास) या उसके समकक्ष सदस्य

(6) केन्द्र अथवा राज्य सरकार या किसी भी स्वायत्तशाषी संस्था के जनपद एवं विधुत अभियान्त्रिकी विंग का एक–एक विशिष्ठ सदस्य

समिति संयोजन परिशिष्ट 11.2 में उपलब्ध है।

### सीनेट

प्रत्येक संस्थान की सीनेट का गठन इस प्रकार है–

(1) संस्थान के निदेशक, पदेन अधिकारी जो कि सीनेट का अध्यक्ष होगा

(2) उपनिदेशक, पदेन अधिकारी

(3) नियुक्त आचार्य या संस्थान में निर्देश प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा मान्य

(4) अध्यक्ष द्वारा निदेशक की मंत्रणा पर विज्ञान, अभियान्त्रिकी एवं मानविकी क्षेत्र में प्रत्येक में से एक, तीन व्यक्ति, इनमें से कम से कम एक महिला जो कि संस्थान की कर्मचारी न हो

(5) संविधान के अनुसार स्टॉफ के अन्य सदस्य

वर्तमान सीनेट का संयोजन परिशिष्ट 11.2 में उपलब्ध है।

### कर्मचारी वर्ग

संस्थान के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य कर्मचारी वर्ग का सम्पूर्ण विवरण अध्याय 3.1 एवं 3.2 में उपलब्ध है।

### शैक्षणिक विभाग

संस्थान के विभिन्न विभागों की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी, जिनमें संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न अल्पकालीन पाठ्यक्रमों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन स्कूल आदि में भाग लेना तथा संकाय सदस्यों द्वारा आयोजित विभिन्न अकादमिक गतिविधियों की जानकारी अध्याय 11.5 में उपलब्ध है। वर्तमान में संस्थान में 2.76 करोड़ रू. की प्रायोजित शोध परियोजनाएँ चल रही हैं। परामर्श सेवा से प्राप्त होने वाली राशि में इज़ाफा हुआ है। संस्थान टेक्नीकल एजुकेशन क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम (टी.ई.क्यू.आई.पी.) फेज–द्वितीय का हिस्सा है।

शोध परियोजनाओं एवं परामर्श सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिशिष्ट 11.3 में उपलब्ध है। विभिन्न संगोष्ठियों/सम्मेलनों एवं राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय जरनल्स में प्रकाशित शोध–पत्रों का विवरण परिशिष्ट 11.9 में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त संस्थान में एम.टैक. तथा पीएच.डी. की डिग्री हेतु भारी संख्या में छात्र शोध कार्य में कार्यरत हैं, प्रत्येक छात्र का सम्पूर्ण विवरण उसके शोध क्षेत्र सहित परिशिष्ट 11.7 में उपलब्ध है।

## परीक्षा एवं मूल्यांकन

### सर्वोत्तम प्रथाएँ

**अकादमिक :** प्रत्येक सेमेस्टर के माध्यम से सतत मूल्यांकन ग्रेडिंग प्रणाली का मुख्य बिन्दु है। प्रत्येक छात्र का मूल्यांकन उसके ट्यूटोरियल/प्रायोगिकी कक्षाओं के असांइमेंट, होम असाइंमेंट, टर्म पेपर्स, सेमीनार, क्वीजेज, मीडटर्म एवं एण्ड टर्म परीक्षा के आधार पर होता है।

अकादमिक गतिविधियों के मूल्यांकन में अधिकतम पादर्शिता हेतु मिड टर्म एवं एण्ड टर्म परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएँ छात्रों को दिखाई जाती हैं एवं उन पर उस पर छात्रों के साथ चर्चा की जाती है।

निरन्तरता के लिए न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक छात्र को उसकी/उसके क्षमता और सुविधा के लिए उपयुक्त एक इष्टतम गति से प्रगति करने के लिए अनुमति दी जाती है।

प्रत्येक पाठ्यक्रम को एक क्रैडिट संख्या निर्धारित है जो कि उसके महत्व को दर्शाता है। विद्यार्थी द्वारा प्राप्त क्रैडिट संख्या उसके प्रदर्शन को दर्शाता है। सन्तोषजनक प्रगति हेतु एक न्यूनतम ग्रेड पाइन्ट एवरेज आवश्यक है। इसके अतिरिक्त डिग्री के योग्य बनने के लिए एक न्यूनतम क्रैडिट संख्या का उपार्जन आवश्यक है।

प्रत्येक कोर्स विभाग के किसी एक संकाय सदस्य द्वारा समन्वित किया जाता है। यह संकाय सदस्य उस कोर्स हेतु समन्वयक कहलाता है। वह इस कोर्स के संचालन की पूरी जिम्मेदारी निभाता है एवं शिक्षण और मूल्यांकन में शामिल संकाय के अन्य सदस्यों के काम का समन्वयन भी करता है। विद्यार्थी परामर्श अथवा स्पष्टीकरण हेतु कोर्स समन्वयक के पास जाते हैं।

### ग्रेडिंग प्रणाली :

छात्र की शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन टैन पाइन्ट स्केल पर किया जाता है। ऑडिट पाठ्यक्रम के अतिरिक्त शेष पाठ्यक्रमों में अक्षर ग्रेड दिये जाते हैं। तत्पश्चात् इन्हें सेमेस्टर ग्रेड पाइन्ट एवरेज (एस.जी.पी.ए.) तथा क्यूमलेटिव ग्रेड पाइन्ट एवरेज (सी.जी.पी.ए.) में परिवर्तित कर दिया जाता है।

### छात्रवृत्ति :

संस्थान में प्रत्येक वर्ग के छात्रों (पूर्वस्नातक, स्नातक एवं पी.एच.डी.) के लिए भारी संख्या में छात्रवृत्तियाँ/वित्तीय सहायता मेरिट या मेरिट एवं आवश्यकता के आधार पर उपलब्ध है। छात्रवृत्ति/वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने वाली कृछ महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाएँ हैं– मानव संसाधन विकास मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, शहरी विकास मंत्रालय, सीएसआईआर, एसएआईएल, ओएनजीसी, सामाजिक न्याय मंत्रालय, जनजाति मंत्रालय, एनसीपीईडीपी, एनटीपीसी लिमिटेड, अल्पसंख्या मामलात मंत्रालय, एनसीईआरटी, विभिन्न राज्यों के उच्च शिक्षा मण्डल।

कई छात्रवृत्तियाँ व्यक्तिगत रुप में भी प्रायोजित की जाती हैं। सम्पूर्ण विवरण परिशिष्ट 11.10 में उपलब्ध है।

### प्रशिक्षण एवं नियोजन :

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर की नियोजन शाखा विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं नियोजन के आयोजन में सदैव तत्पर रहती है। इस वर्ष कुल 489 संस्थानों ने संस्थान के 489 (415 बी.टैक., 74 स्नातकोत्तर) विद्यार्थियों का नियोजन किया। अधिकतम एवं औसत वेतन पैकेज क्रमशः 29.00 लाख प्रतिवर्ष संगणक अभियान्त्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी के 3 छात्रों को तथा संगणक विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी के 12 छात्रों को पूर्व नियोजन प्रस्ताव (पी.पी.ओ) डी शॉ कम्पनी ने दिया, औसत नियोजन विधार्थियों (बी.टेक.) का 6.95 लाख पर रहा। सम्पूर्ण विवरण परिशिष्ट 11.11 में उपलब्ध है।

**पुस्तकालय :**

संस्थान के पुस्तकालय का वर्ष 2011–12 में नवीनीकरण किया गया एवं तबसे लगातार यहाँ पुस्तकों, जरनल्स, ई–जरनल्स ई–ग्रन्थालय की पहुँच में अनवरत वृद्धि हुई है। अकादमिक विभाग अपनी आवश्कताओं के अनुरुप अपनी जरुरतें भेजते रहते हैं जो कि यहां निश्चित प्रक्रिया के तहत उन्हें खरीदकर मंगवाने का कार्य होता है। केन्द्रीय पुस्तकालय में अभी हाल में जो विकास हुआ उनमें कोहा (KOHA) में लाईब्रेरी डाटा बेस(लाईब्रेरी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर), गेट एन्टीना के साथ स्मार्ट सर्कूलेशन के लिए आर.एफ.आई.डी. सिस्टम, स्मार्ट कार्ड तकनीक। सम्पूर्ण विवरण परिशिष्ट 9.3 में उपलब्ध है।

**छात्रावास :**

संस्थान में छात्रों के लिये कुल बारह छात्रावास हैं जिसमें से छात्रों के लिए नौ और छात्राओं के लिए तीन छात्रावास हैं। छात्रों के लिये छात्रावासों की कुल क्षमता लगभग 2,500 है तथा छात्रों के लिये लगभग 650 है। इसके अलावा नियमित छात्रों के लिये आवास के अलावा हमारे पास संस्थान में कम अवधि के दौरे पर आये अनुसन्धान विद्यार्थी, लघुअवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के शिक्षार्थियों आदि के लिए 60 अच्छी तरह से सुसज्जित अतिथि कमरे (पुरुष उम्मीदवारों के लिए 40 और महिला उम्मीदवारों के लिए 20) हैं।

छात्रावास आधुनिक सुविधाओं जैसे कि वाईफाई/लैन के माध्यम से नेट संयोजकता, स्वचालित लॉण्ड्री सुविधा, सौर गीजर आदि से लैस है, सभी छात्रावासों में चौबीसों मानवयुक्त सुरक्षा है। सभी छात्रावास परिसर में अच्छी लैंडस्केपिंग और खेल मैदान सहित बड़े खुले क्षेत्र हैं।

सम्पूर्ण विवरण अध्याय 4.5 में उपलब्ध है।

**खेलकूद एवं क्रीड़ा :**

शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग छात्रों में पूर्णरूप से शारीरिक एवं व्यक्तित्व विकास हेतु कार्यरत है। उनका प्रयास छात्रों के अधिक संख्या में लगातार भागीदारी एवं प्रतियोगिताओं में देखा जा सकता है। संस्थान के अनेक खिलाड़ी विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार प्राप्त किये। अडवानी मेमोरियल बास्केटबॉल (AIAMBT) प्रतियोगिता को पुनः प्रारम्भ किया गया है एवं यह पिछले पांच वर्षों से पूरे उत्साह से आयोजित की जा रही है।

दिनांकः

स्थानः जयपुर। निदेशक

# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
## वार्षिक प्रतिवेदन
## वर्ष 2016 - 2017

## 1. परिचय

### 1.1 परिकल्पना एवं उद्देश्य

#### परिकल्पना

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने एवं उत्कृष्ट नवीनतम प्रौद्योगिकी के विकास तथा शोध कार्य संचालन हेतु एक ऐसे केन्द्र की स्थापना करना जिससे प्रौद्योगिकी विकास की वर्तमान तथा भावी चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक किया जा सके।

#### उद्देश्य

उद्योग क्षेत्र की वर्तमान तथा भावी आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी जन संसाधनों का विकास करना। संस्थान मे प्रवेश करने वाले युवा अभियन्ताओं एवं वैज्ञानिकों में नेतृत्व गुणों के विकास पर बल देते हुए, उद्योगों के साथ सहभागिता के आधार पर शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान क्षेत्र को पुनर्गठित करना जिससे कि वे सामाजिक विकास के प्रति संवेदनशील रहकर प्रगति व विकास के अवसरों की पहचान अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कर सकें।

### 1.2 गुणवत्ता नीति

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का प्रयास रहेगा कि श्रेष्ठ गुणवत्ता आधारित ऐसी शिक्षा प्रदान की जाए जिससे न सिर्फ विद्यार्थी अपितु अभिभावक, नियोक्ता एवं समाज भी पूरी तरह से संतुष्ट हो सके।

#### संस्थान का आदर्श वाक्य

दृढ़ता एवं कठिन परिश्रम द्वारा ही श्रेष्ठता प्राप्त की जा सकती है।

### 1.3 शिक्षा प्रणाली

यह एक केन्द्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थान है जो अपने छात्रों को उपाधि स्वयं प्रदान करता है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली का पालन किया जाता है।

छात्र की शैक्षणिक योग्यता का मूल्याँकन दस सूत्री पैमाने पर किया जाता है। लेखा–परीक्षा पाठ्यक्रम के अतिरिक्त शेष सभी पाठ्यक्रमों में अक्षर ग्रेड दिए जाते है। तत्पश्चात् इन्हें सेमेस्टर एवं क्यूमूलेटिव (संचयी) परफोरमेन्स इन्डेक्स अर्थात सेमेस्टर ग्रेड पाइन्ट एवरेज (एस.जी.पी.ए.) तथा क्यूमूलेटिव ग्रेड पाइन्ट एवरेज (सी.जी.पी.ए.) में परिवर्तित कर दिया जाता है। छात्रों द्वारा अनुदेशक एवं पाठ्यक्रम के बारे में प्रतिपुष्टि प्रणाली भी नियमित रूप से प्रथा में है।

## 1.4 नवीन पहल

### आधारभूत संरचना विकास

संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक अत्याधुनिक कारपोरेट कार्यालय एवं कम्प्यूटर सेंटर का विकास किया जा चुका है और एक डिजीटल लाइब्रेरी विकसित की जा रही है जो 20,000 वर्ग मीटर कार्पेट क्षेत्र में विस्तारित है। इस भवन में पूरा प्रशासनिक एवं लेखा प्रभाग, संस्थापन एवं अकादमिक स्टाफ कार्यालय, निदेशक कार्यालय, अधिष्ठाता कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्यालय सहित बैंकिंग व पोस्ट आफिस सेवाएं भी स्थापित हैं। इसमें एक आधुनिक संसाधनों से युक्त कम्प्यूटर लैब, आई.टी संसाधनों के लिए स्वचालित उपयुक्तियां जिन्हें पूरे आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सिंगल इंटरफेस के जरिए प्रशासित किया जा सकता है, भी शामिल हैं।

विवेकानंद व्याख्यान परिसर : इस परिसर के अतंर्गत 34,360 वर्ग मीटर का आच्छादित (कवर्ड) क्षेत्र है और इसका निर्माण 80 करोड़ के व्यय से किया जा रहा है। भवन केन्द्रीय वातानूकुलित है और इसमें 43 थिएटर (व्याख्यान कक्ष) हैं जिनकी बैठक क्षमता 120 लोगों की है वहीं 6 थिएटर की बैठक क्षमता 240 लोगों की है। यह कक्षा कक्ष स्मार्ट कक्षा कक्ष होंगे और यह सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित होंगे। हरित भवनों के प्रति प्रतिबद्धता के क्रम में संस्थान के लगभग सभी भवनों पर विद्युत उर्जा उत्पादन के लिए सौर पैनल स्थापित किए जा रहे हैं।

इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग विभाग के भवन में परिष्कृत प्रयोगशालाएं विकसित करने को ध्यान में रखते हुए दो पूरी तरह से नई मंजिलें जोड़ी जा रही हैं। संस्थान ने अधिकांश विभागों जैसे आर्किटेक्चर, फिजिक्स, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग,मेटलर्जी, मैकनिकल, केमिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में अपनी पुरानी प्रयोगशालाओं का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण किया है। आवासों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए नए आवासीय अपार्टमेंट्स में, जिन्हें आचार्य भवन कहा जा रहा है, 198 आवासों का निर्माण किया जा रहा है ताकि संकाय सदस्यों को परिसर में ही निवास करने हेतु समायोजित किया जा सके।

छात्रों एवं संकाय सदस्यों के लिए खेल की आधारभूत सुविधाओं के विकास के मद्देनजर संस्थान ने फ्लड लाइट्स के साथ तीन नए सिंथेटिक टेनिस कोर्ट विकसित किए हैं जो अन्तरराष्ट्रीय मानकों के हैं।

डाटा सेंटर एवं लैंग्वेज लैब : सेंटर में 510 उच्च तकनीक वाले पीसी हैं जिनमें 120 ग्राफिक्स वर्क स्टेशन्स शामिल हैं जिन्हें 10 कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं में स्थापित किया गया है जो सभी छात्रों, संकाय सदस्यों और शोधार्थियों को कंप्यूटेशनल वातावरण मुहैया करवाती हैं। सेंटर में वीएम वेअर क्लाउड सुईट का उपयोग कर एक प्राइवेट क्लाउड के साथ एक डाटा सेंटर भी स्थापित किया गया है। एमएनआईटी प्राइवेट क्लाउड के अतंर्गत विभिन्न सेवाओं जैसे एलडीएपी, डीएनएस सेवाएं, वेब एप्लीकेशन्स जैसे ''एमएनआईटी'', ''एनआईटी कॉउंसिल'', पोर्टल्स और विभिन्न सोफ्टवेयर लाइसेंस सर्वर जैसे एमएटीएलएबी (मैटलेब), हायपरवर्क्स, ऑटो कैड, ऑटो डेस्क, एलएमएस, और एंटीवायरस इत्यादि को समाहित किया गया है।

डाटा सेंटर ईएमसी द्वारा 60 टीबी (टैरा बाईट) भंडारण से सुसज्जित है। डाटा सेंटर भंडारण को वर्चुअल क्लास रूम और विभिन्न विभागों द्वारा अपलोड किए जा रहे ई–कंटेट, ई–मेल आर्काइवल एवं अन्य विभिन्न सॉफ्टवेयर को भंडारित करने के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है।

# 2. विहंगावलोकन

## 2.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

मालवीय क्षेत्रीय अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, जयपुर की स्थापना सन् 1963 में भारत सरकार एवं राज्य सरकार, राजस्थान के संयुक्त उपक्रम के रूप में हुई। विद्युत अभियान्त्रिकी एवं यान्त्रिकी अभियान्त्रिकी विभाग में क्रमशः 30 विद्यार्थियों से यहाँ पर शिक्षण कार्य प्रारम्भ हुआ। 1965 में महाविद्यालय का वर्तमान परिसर में स्थानान्तरण हुआ। 125 हैक्टेयर में फैले मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की हरियाली अत्यंत मनोहारी एवं प्रेरक है। संस्थान में स्नातक डिग्री हेतु प्रविष्ट छात्रों को देश के सभी प्रान्तों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व प्राप्त है (50 प्रतिशत राजस्थान एवं 50 प्रतिशत भारत के अन्य प्रान्त व केन्द्र शासित प्रदेशों से)। इस प्रकार यह संस्थान प्रसिद्ध कथन ''एकता में अनेकता'' का श्रेष्ठ उदाहरण है।

इस संस्थान के प्रथम प्राचार्य, महान शिक्षाविद् एवं स्वपनदृष्टा प्रोफेसर जी.वी. गर्डे ने अपने स्वाभाविक उत्साह के अनुरूप इसके भाग्य की दिशा निर्धारित कर इसे एक श्रेष्ठ संस्थान का स्वरूप प्रदान किया। उच्च मानकों को बनाये रखने के इसके प्रयास एवं तकनीकी श्रेष्ठता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए 26 जून, 2002 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं सम विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया। देश के विभिन्न भागों में स्थापित 30 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में से यह एक है। संसद के अधिनियम के तहत 15 अगस्त, 2007 से इसे सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स का दर्जा प्रदान किया गया है। इसका संचालन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद् द्वारा किया जाता है। संस्थान में चार विधिक निकाय हैं। मुख्यतः शासी परिषद्, वित्त समिति, भवन निर्माण समिति एवं सीनेट। संस्थान पूर्णतया मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित है।

संस्थान का शासकीय नियन्त्रण शासी परिषद् के अधीन है। यह संसद द्वारा स्वयं की डिग्री देने के लिये अधिकृत है।

यहाँ पर 14 विभाग एवं 6 केन्द्र हैं जिनमें वास्तुकला, रसायन अभियान्त्रिकी, जनपद अभियान्त्रिकी, संगणक अभियान्त्रिकी, विद्युत अभियान्त्रिकी, वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी, यांत्रिकी अभियान्त्रिकी, पदार्थ एवं धातुकि अभियान्त्रिकी, भौतिक, रासायनिक, गणित, प्रबन्ध अध्ययन, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान तथा ऊर्जा एवं पर्यावरण केन्द्र हैं। छः केन्द्रों में, सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स इन डिजाईन, मेटेरियल्स रिसर्च सेन्टर (MRC), सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स, एडवांस्ड रिसर्च सेन्टर फॉर ट्राईबोलॉजी, नेशनल सेन्टर फॉर डिसास्टर मिटिगेशन एण्ड मेनेजमेंट एवं डाटा केन्द्र हैं।

संस्थान में स्नातक स्तर के 8 एवं स्नातकोत्तर स्तर के 28 कार्यक्रम चलते हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का विवरण उनके प्रारम्भ करने के वर्ष सहित निम्न प्रकार है :–

किसी भी संस्थान की आधारशिला इसके अध्यापकों की गुणवत्ता होती है। इस क्षेत्र में यह संस्थान अग्रणी है। इसके लगभग 198 पूर्णकालिक अनुभवी शिक्षकों में अध्यापन के प्रति गहन उत्कंठा तथा शोध एवं विकास के प्रति समग्र प्रतिबद्धता विद्यमान है। शिक्षकों के वैश्विक दृष्टिकोण के कारण यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बन गया है। अधिकतर शिक्षक पीएच.डी. उपाधि प्राप्त हैं। हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षण है ताकि बौद्धिक जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं नव निर्माण की भावना का पोषण हो सके। संस्थान शोध, परामर्श एवं विकासात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से संलग्न है तथा अनेक प्रमुख औद्योगिक घरानों एवं सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनियों के साथ मिलकर विभिन्न परियोजनाओं पर मिलकर कार्य किया जाता है।

विश्व बैंक द्वारा पोषित तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (TEQIP) द्वितीय चरण में भी संस्थान की सहभागिता है जिसका संचालन राष्ट्रीय प्रोजेक्ट निष्पादन इकाई (NPIU) द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में संस्थान की भागीदारी उत्कृष्ट रही।

संस्थान के परिसर में छात्रों के साथ–साथ छात्राओं के लिए भी आवासीय सुविधा उपलब्ध है। संस्थान के अधिकतम छात्रों को छात्रावासों में आवासीय सुविधा उपलब्ध है।

## 2.2 अवस्थिति (लोकेशन)

संस्थान जयपुर में स्थित है जो एक जीवंत एवं उर्जावान शहर है। यह शहर उत्तरी भारत में दिल्ली के दक्षिण में 260 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जयपुर भी थार मरूस्थल का भाग ही होता, परन्तु इसके इर्द–गिर्द अरावली की पहाड़ियॉ न होती जो इसे एक ओर से अति आवश्यक सुरक्षा प्रदान करती है। जयपुर में अनगिनत आकर्षक एवं मनोरंजक स्थान है। यहाँ पर सिटी पैलेस, आमेर व नाहरगढ़ जैसे अनेक आलीशान महल व किले हैं। यह शहर मौज, भोजन एवं उत्सवों का शहर है। प्रत्येक धार्मिक उत्सव एवं ऋतु परिवर्तन के अवसर पर चटकीले रंगों, अद्भुत लोक संगीत व नृत्य की मनोहारी छटा चारों ओर बिखरती है। यह वास्तव में ही गुलाबी शहर है जो परम्परा एवं आधुनिकता का अद्भुत मिश्रण तथा विद्यार्थियों के लिए जीवंत मनोरंजन से भरपूर सामाजिक एवं शैक्षिक अनुभव उपलब्ध कराता है। यहाँ पर विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार सुविधायें एंव मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं जैसे कि श्रेष्ठ दुकानें, रेस्टोरेंट, क्लब, खेल सुविधायें एवं सम्पन्न सांस्कृतिक परिदृश्य।

संस्थान मालवीय नगर में जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर स्थित है। मुख्य रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टेण्ड यहाँ से लगभग 10 किलो मीटर दूर है जबकि साँगानेर हवाई अड्डा लगभग 5 किलो मीटर की दूरी पर है। शहर के सभी मार्गों से शहरी परिवहन एवं निजी परिवहन आसानी से उपलब्ध है।

## 2.3 परिसर

संस्थान 125 हैक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह संस्थान आधुनिक वास्तुकला, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं सुरम्य वातावरण के अद्भुत समन्वय का भव्य स्थल है। संस्थान का परिसर क्षेत्रफल तीन क्रियाशील क्षेत्रों में विभाजित है–

- छात्रों के लिये छात्रावास
- अनुदेशात्मक भवन, तथा
- कर्मचारी वर्ग के लिये आवासीय क्षेत्र

संस्थान के अनुदेशात्मक भवन इस प्रकार से स्थित हैं कि छात्रों व कर्मचारी वर्ग के आवासीय भवन इसके बिल्कुल निकट हैं, जहाँ से पैदल चलकर भी शीघ्र पहुँचा जा सकता है। आईसीआईसीआई बैंक की शाखा तथा डाकघर भी संस्थान परिसर में स्थित हैं। संस्थान परिसर में ही एक पूर्णकालिक सुसज्जित/व्यवस्थित चिकित्सालय जिसमें की चिकित्सा अधिकारियों की टीम दो कम्पाउण्डरों सहित उपलब्ध है। संस्थान परिसर में ही अंशकालीन होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधा भी संस्थान

की ओर से सुलभ है। इस संस्था के क्षेत्र में छात्रावास तथा अनुदेशात्मक क्षेत्र के निकट, संस्थान के कार्यालय समय के दौरान एवं तदुपरान्त छात्रों एवं कर्मचारियों के स्वल्पाहार के लिये सब तरह से सुसज्जित जलपान गृह भी है।

## 2.4 प्रशासन

यह संस्थान एक स्वायत्तशासी संस्थान है, जिसका प्रशासन शाषी परिषद् द्वारा किया जाता है। जिसका गठन इस प्रकार है (1) अध्यक्ष (विजिटर द्वारा नियोजित), (2) संस्थान के निदेशक, पदेन अधिकारी (3) तकनीकी शिक्षा एवं वित्त से सम्बद्ध दो व्यक्ति जो कि भारत सरकार के संयुक्त सचिव से नीचे की रैंक के न हो केन्द्र सरकार द्वारा मनोनीत (4) तकनीकी या औद्योगिक क्षेत्र से सम्बद्ध दो व्यक्ति जो जहां पर संस्थान स्थापित है उस राज्य की सरकार द्वारा मनोनीत (5) परिषद् द्वारा मनोनीत दो व्यक्ति जो कि शिक्षा, अभियान्त्रिकी या विज्ञान के सम्बन्ध में विशिष्ठ ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखते हों इनमें से कम से कम एक महिला (6) एक आचार्य एवं एक सहायक आचार्य या व्याख्याता संस्थान की सीनेट से मनोनीत (7) भारतीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक जिनके आंचलिक क्षेत्र में संस्थान स्थित है, अथवा उनका नामांकित व्यक्ति, जो कि आचार्य की श्रेणी से नीचे न हो।

संस्थान के छात्रों को उनकी सह–पाठ्यचर्या, आवासीय एवं मनोरंजन गतिविधियों को संचालित करने के लिये संस्थान की जलपान गृह समिति, छात्र सहायता एवं कल्याण समिति, छात्रावास तथा भोजनालय समिति आदि के माध्यम से कार्य करने का पूरा अवसर दिया जाता है।

### मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर का प्रशासकीय पदानुक्रम



## 2.5 शैक्षणिक कार्यक्रम

### प्रस्तावित पाठ्यक्रम

संस्थान में वर्तमान में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (प्रौद्योगिकी डिग्री हेतु) एवं वास्तुकला में स्नातक डिग्री हेतु पाँच वर्षीय पाठ्यक्रम उपलब्ध है। दो वर्ष की अवधि के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का ध्येय विशेष क्षेत्रों में ऐसे मानव संसाधन तैयार करना है जिन्हें उन क्षेत्रों में उच्च ज्ञान प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त पीएच.डी. डिग्री हेतु अभियान्त्रिकी/प्रौद्योगिकी/प्रबन्ध अध्ययन/विज्ञान/मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान क्षेत्रों में पूर्णकालीन/ अंशकालीन उच्च पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

### (अ) स्नातक पाठ्यक्रम (प्रौद्योगिकी स्नातक)

इस संस्थान में अध्ययनार्थ स्नातक पाठ्यक्रम (बी.टेक/बी.आर्क)निम्नलिखित वर्गानुसार उपलब्ध है–

| क्र. सं. | विषय/अवधि | प्रारम्भ होने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1 | वास्तुकला एवं नियोजन (पांच वर्षीय) | 1988 |
| 2 | जनपद अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |
| 3 | रसायन अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1988 |
| 4 | संगणक विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1994 |
| 5 | विद्युत अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |
| 6 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1984 |
| 7 | यांत्रिकी अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |
| 8 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी (चार वर्षीय) | 1963 |

### (ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (प्रौद्योगिकी निष्णात/विज्ञान/प्रबंध)

संस्थान में अभियान्त्रिकी/विज्ञान/प्रबन्ध अध्ययन आदि विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री हेतु निम्न शैक्षिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं :–

| क्र.सं. | विभाग | पाठ्यक्रम का नाम | प्रारम्भ होने का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | पर्यावरण एवं ऊर्जा केन्द्र | नवीनीकरण ऊर्जा | 2013 |
| 2 | रसायन अभियान्त्रिकी विभाग | रसायन अभियान्त्रिकी | 2006 |
| 3 | जनपद अभियान्त्रिकी विभाग | पर्यावरण अभियान्त्रिकी | 1989 |
| 4 | जनपद अभियान्त्रिकी विभाग | जल संसाधन अभियान्त्रिकी | 1985 |
| 5 | जनपद अभियान्त्रिकी विभाग | कैड/संरचनात्मक अभियान्त्रिकी | 1996/2006 |
| 6 | जनपद अभियान्त्रिकी विभाग | परिवहन अभियान्त्रिकी | 1996 |
| 7 | जनपद अभियान्त्रिकी | डिसास्टर असेस्मेंट एण्ड मिटिगेशन | 2010 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | संगणक अभियान्त्रिकी विभाग | संगणक अभियान्त्रिकी | 2008 |
| 9 | संगणक अभियान्त्रिकी विभाग | संगणक अभियान्त्रिकी एवं सूचना सुरक्षा | 2016 |
| 10 | विद्युत अभियान्त्रिकी विभाग | विद्युत प्रणाली | 1987 |
| 11 | पदार्थ अनुसंधान केन्द्र | पदार्थ विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी | 2016 |
| 12 | विद्युत अभियान्त्रिकी विभाग | विद्युत वैधुद्वणिकी एवं ड्राइव | 2015 |
| 13 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी विभाग | वी.एल.एस.आई. डिजाईन | 2006 |
| 14 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी विभाग | वायरलैस एण्ड ऑप्टीकल कम्यूनीकेशन | 2014 |
| 15 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी विभाग | एम्बीडेड सिस्टम | 2014 |
| 16 | वैधुद्वणिकी एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग | वैद्युद्वणिकी एवम् संचार अभियान्त्रिकी | 1992 |
| 16 | यान्त्रिकी अभियान्त्रिकी विभाग | निर्माण प्रणाली अभियान्त्रिकी/औद्योगिक अभियान्त्रिकी | 1996/2013 |
| 19 | यांत्रिकी अभियान्त्रिकी विभाग | उत्पादन अभियान्त्रिकी | 2013 |
| 20 | यांत्रिकी अभियान्त्रिकी विभाग | डिजाइन अभियान्त्रिकी | 2013 |
| 21 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी विभाग | अलौह धातुकर्म/धातुकम र्ं एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी | 1971/2006 |
| 22 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी विभाग | स्टील प्रौद्योगिकी | 2013 |
| 23 | वास्तुकला | अरबन प्लानिंग | 2008 |
| 24 | आपदा शमन एवं प्रबंध का राष्ट्रीय केन्द्र | भूकम्प अभियांत्रिकी | 2015 |
| 25 | रसायन शास्त्र विभाग | एम.एस.सी. अनुप्रयुक्त रसायन शास्त्र | 2006 |
| 26 | गणित विभाग | एम.एस.सी. अनुप्रयुक्त गणित | 2006 |
| 27 | भौतिक शास्त्र विभाग | एम.एस.सी. अनुप्रयुक्त भौतिक शास्त्र | 2006 |
| 28 | प्रबन्ध अध्ययन विभाग | एमएमएस/एम.बी.ए. | 1996/2006 |

## 2.6 प्रवेश प्रक्रिया

### (अ) स्नातक पाठ्यक्रम

पूर्व स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश केन्द्रीय सीट आवंटन बोर्ड (CSAB) द्वारा आयोजित जेईई–मैन परीक्षा और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की ओर से आयोजित जोसा (JoSAA – Joint Seat Allocation Authority) की ऑनलाईन केन्द्रीय काउन्सलिंग द्वारा किये जाते हैं। जेईई–मैन के माध्यम से प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 + 2 (कक्षा बारहवीं) की वार्षिक परीक्षा अथवा इसके समकक्ष की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विदेशी छात्रों का प्रवेश दासा (DASA), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (ICCR), और विदेश मन्त्रालय (MEA) के माध्यम से होता है।

### (ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

अभियान्त्रिकी, विज्ञान एवं प्रबन्ध अध्ययन विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश निम्नानुसार दिया जाता है (i) पूर्णकालीन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को प्रवेश भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित परीक्षा गेट में प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाता है। (ii) प्रायोजित विद्यार्थियों को प्रवेश साक्षात्कार, लिखित परीक्षा अथवा गेट (सीटों की उपलब्धता पर)में प्राप्त अंकों

के आधार पर पूर्णकालीन अथवा अंशकालीन प्रवेश दिया जाता है। (iii) एम.एस.सी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीसीएमएन (एम.एस.सी. / एम.एस.सी. (टेक) की केन्द्रीय काउन्सलिंग) द्वारा दिया जाता है। (iv) एमबीए एवं पीएच.डी. पाठ्यक्रम (पूर्णकालीन अथवा अंशकालीन) में प्रवेश हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा साक्षात्कार / परीक्षा संचालित की जाती है।

## 2.7 विद्यार्थी अंतर्गहण क्षमता

### (अ) स्नातक पाठ्यक्रम

राजस्थान तथा राजस्थान के अतिरिक्त अन्य प्रान्तों हेतु सत्र 2016–17 की 710 स्थानों का नियतन निम्नानुसार किया गया :–

**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर**

| | डिग्री | ब्रांच | OP | OPPH | SC | SCPH | ST | STPH | OBC | OBCPH | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अखिल भारतीय (CAI) | बी.आर्क. | वास्तुकला एवं नियोजन | 15 | 1 | 5 | 0 | 2 | 0 | 8 | 0 | 31 |
| | बी.टैक. | जनपद अभियान्त्रिकी | 23 | 0 | 7 | 0 | 3 | 1 | 12 | 0 | 46 |
| | बी.टैक. | रासायनिक अभियान्त्रिकी | 23 | 0 | 6 | 1 | 4 | 0 | 12 | 0 | 46 |
| | बी.टैक. | संगणक अभियान्त्रिकी | 23 | 1 | 7 | 0 | 3 | 0 | 12 | 1 | 47 |
| | बी.टैक. | विधुत अभियान्त्रिकी | 22 | 1 | 7 | 0 | 4 | 0 | 13 | 0 | 47 |
| | बी.टैक. | वैद्युद्वणिकी एवं संचार | 23 | 0 | 7 | 0 | 3 | 0 | 12 | 1 | 46 |
| | बी.टैक. | यांत्रिकी अभियान्त्रिकी | 22 | 1 | 6 | 1 | 4 | 0 | 12 | 0 | 46 |
| | बी.टैक. | धातुकी एवं पदार्थ भियान्त्रिकी | 22 | 1 | 7 | 0 | 3 | 0 | 13 | 0 | 46 |
| | | योग (अ) | **173** | **5** | **52** | **2** | **26** | **1** | **94** | **2** | **355** |
| गृह राज्य (HS) | बी.आर्क. | वास्तुकला एवं नियोजन | 15 | 0 | 4 | 0 | 2 | 1 | 9 | 0 | 31 |
| | बी.टैक. | जनपद अभियान्त्रिकी | 22 | 1 | 7 | 0 | 3 | 0 | 12 | 1 | 46 |
| | बी.टैक. | रासायनिक अभियान्त्रिकी | 22 | 1 | 7 | 0 | 3 | 0 | 13 | 0 | 46 |
| | बी.टैक. | संगणक अभियान्त्रिकी | 22 | 1 | 7 | 0 | 4 | 0 | 12 | 0 | 46 |
| | बी.टैक. | विधुत अभियान्त्रिकी | 23 | 0 | 6 | 1 | 3 | 0 | 12 | 1 | 46 |
| | बी.टैक. | वैद्युद्वणिकी एवं संचार अभियांत्रिकी | 23 | 1 | 7 | 0 | 4 | 0 | 12 | 0 | 47 |
| | बी.टैक. | यांत्रिकी अभियान्त्रिकी | 23 | 0 | 7 | 0 | 3 | 0 | 13 | 1 | 47 |
| | बी.टैक. | धातुकि एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | 22 | 1 | 6 | 1 | 4 | 0 | 12 | 0 | 46 |
| | | योग (ब) | **172** | **5** | **51** | **2** | **26** | **1** | **95** | **3** | **355** |
| | कुल योग (अ+ब) | | **345** | **10** | **103** | **4** | **52** | **2** | **189** | **5** | **710** |

सत्र 2016–17 के लिए भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद एवं विदेश मंत्रालय के माध्यम से विदेशी राष्ट्रो के विद्यार्थियों हेतु 19 स्थानों का नियतन निम्नानुसार किया गया :–

| शाखा/अवधि | एमईए (एजुकेशन) | एमईए (वेलफेयर) | आईसीसीआर | योग |
|---|---|---|---|---|
| वास्तुकला (5 वर्षीय) | 1 | – | 1 | 2 |
| जनपद अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 4 | 2 | – | 6 |
| रासायनिक अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | – | 1 | – | 1 |
| संगणक विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | – | – | – | – |
| विद्युत अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 1 | – | 3 | 4 |
| वैद्युद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | – | 1 | 1 | 2 |
| सूचना प्रौद्योगिकी (4 वर्षीय) | – | – | – | – |
| यांत्रिकी अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 3 | 1 | – | 4 |
| धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | – | – | – | – |
| **योग** | **9** | **5** | **5** | **19** |

सत्र 2016–17 के लिए दासा के तहत विद्यार्थियों हेतु 55 स्थानों का नियतन निम्नानुसार किया गया :–

| शाखा/अवधि | अनुमोदित वार्षिक अंतर्ग्रहण |
|---|---|
| वास्तुकला (5 वर्षीय) | 04 |
| जनपद अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 07 |
| रासायनिक अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 03 |
| संगणक विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 10 |
| विद्युत अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 07 |
| वैद्युद्वणिकी एवं संचार अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 11 |
| यांत्रिकी अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 10 |
| धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी (4 वर्षीय) | 03 |
| **योग** | **55** |

## (ब) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

सत्र 2016–17 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अंतर्ग्रहण क्षमता (शाखानुसार) स्थानों का नियतन निम्नानुसार किया गया :–

| क्र सं | पाठ्यक्रम | सामान्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु. जाति | अनु. जन जाति | ओसी-पीडब्ल्यूडी | ओबी-पीडब्ल्यूडी | एससी-पीडब्ल्यूडी | एसटी-पीडब्ल्यूडी | प्रायोजित | अंश कालीन | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी नियोजन | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **31** |
| 2 | नवीकरणीय ऊर्जा | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 6 | **32** |
| 3 | रासायनिक अभियान्त्रिकी | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 | 6 | **32** |
| 4 | आपदा ऑकलन और शमन | 8 | 3 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **26** |
| 5 | भूकम्प अभियान्त्रिकी | 8 | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **15** |
| 6 | पर्यावरणीय अभियान्त्रिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **26** |
| 7 | संरचनात्मक अभियान्त्रिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 6 | **26** |
| 8 | परिवहन अभियान्त्रिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 6 | **26** |
| 9 | जल संसाधन अभियान्त्रिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **25** |
| 10 | संगणक अभियान्त्रिकी | 10 | 5 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **32** |
| 11 | शक्ति प्रणाली | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **20** |
| 12 | संगणक अभियान्त्रिकी एवं सूचना सुरक्षा | 10 | 5 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **21** |
| 13 | विद्युत शक्ति प्रणाली | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **31** |
| 14 | वैद्युद्वणिकी एवम् संचार अभियान्त्रिकी | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 | 6 | **32** |
| 15 | अन्तःस्थापित प्रणाली | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **20** |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | वीएलएसआई अभिकल्प | 10 | 5 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **32** |
| 17 | वायरलेस एण्ड ऑप्टिकल कम्यूनीकेशन | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **20** |
| 18 | डिजाइन अभियान्त्रिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **15** |
| 19 | औद्योगिकी अभियान्त्रिकी | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 6 | **32** |
| 20 | उत्पादन अभियान्त्रिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **14** |
| 21 | थर्मल अभियान्त्रिकी | 8 | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **15** |
| 22 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **31** |
| 23 | स्टील प्रौद्योगिकी | 8 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | **25** |
| 24 | पदार्थ विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी | 10 | 5 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **20** |
| | **योग** | **220** | **102** | **62** | **38** | **6** | **3** | **2** | **1** | **75** | **90** | **599** |

| क्रसं | पाठ्यक्रम | समान्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु. जाति | अनु. जन जाति | ओसी-पीडब्ल्यू डी | ओबी-पीडब्ल्यू डी | एससी-पीडब्ल्यू डी | एसटी-पीडब्ल्यू डी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम.एस.सी. भौतिकशास्त्र | 16 | 8 | 5 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | **32** |
| 2 | एम.एस.सी. रसायनशास्त्र | 16 | 8 | 5 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | **32** |
| 3 | एम.एस.सी. गणितशास्त्र | 16 | 8 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | **32** |
| | **योग** | **48** | **24** | **15** | **6** | **1** | **0** | **1** | **1** | **96** |

| क्रसं | पाठ्यक्रम | समान्य | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु. जाति | अनु. जन जाति | ओसी-पीडब्ल्यू डी | ओबी-पीडब्ल्यू डी | एससी-पीडब्ल्यू डी | एसटी-पीडब्ल्यू डी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रबंधन निष्णात | 31 | 17 | 9 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | **62** |
| | **योग** | **31** | **17** | **9** | **5** | **0** | **0** | **0** | **0** | **62** |

सत्र 2016–17 के लिए दासा के तहत लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अंतर्ग्रहण क्षमता नियतन निम्नानुसार किया गया :

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | अंतर्ग्रहण |
|---|---|---|
| 1 | एम. प्लानिंग एवं शहरी नियोजन | 2 |
| 2 | रासायनिक अभियान्त्रिकी | 2 |
| 3 | संगणक विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी | 2 |
| 4 | वैद्युद्वणिकी एवम् संचार अभियान्त्रिकी | 2 |
| 5 | औद्योगिकी अभियान्त्रिकी | 2 |
| 6 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी | 2 |
| 7 | विद्युत शक्ति प्रणाली | 2 |
| 8 | संरचनात्मक अभियान्त्रिकी | 2 |
| 9 | थर्मल अभियान्त्रिकी | 2 |
| 10 | परिवहन अभियान्त्रिकी | 2 |
| 11 | वीएलएसआई डिजाईन | 2 |
| 12 | एम.बी.ए. | 5 |
| | **योग** | **27** |

**बी.टैक/एम.टैक./एम.एससी./एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में आरक्षण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 27 प्रतिशत प्रत्येक पाठ्यक्रम में |
| 2 | अनुसूचित जाति | 15 प्रतिशत प्रत्येक पाठ्यक्रम में |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 7.5 प्रतिशत प्रत्येक पाठ्यक्रम में |
| 4 | विकलांग | 3 प्रतिशत प्रत्येक पाठ्यक्रम में स्वीकृत संख्या से भी अधिक |

**बी.टैक./बी.आर्क. पाठ्यक्रमों की अवधि**

| अकादमिक कार्यक्रम | सामान्य अवधि | अधिकतम अवधि |
|---|---|---|
| बी. टैक. | 8 सेमेस्टर | 14 सेमेस्टर |
| बी. आर्क. | 10 सेमेस्टर | 16 सेमेस्टर |

**एम.टैक./एम.प्लान पाठ्यक्रमों की अवधि**

| सामान्य अवधि | अधिकतम अवधि |
|---|---|
| पूर्णकालीन : 4 सेमेस्टर | 6 सेमेस्टर |
| अंशकालीन : 6 सेमेस्टर | 10 सेमेस्टर |

**एम.एससी./एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों की अवधि**

| सामान्य अवधि | अधिकतम अवधि |
|---|---|
| पूर्णकालीन : 4 सेमेस्टर | 6 सेमेस्टर |

## 2.8 परीक्षा एवं मूल्याँकन

**क्रेडिट प्रणाली**

संस्थान में शिक्षा क्रेडिट प्रणाली पर आधारित है। इस प्रणाली की मुख्य विशेषता विद्यार्थी एवं उसके प्रदर्शन का सतत् मूल्यांकन है एवं इसका लचीलापन विद्यार्थी को यह अनुमति प्रदान करता है कि वह निरन्तरता हेतु न्यूनतम आवश्यक मापदण्डों का पालन एक इष्टतम गति से कर सकें।

प्रत्येक पाठ्यक्रम को एक क्रैडिट संख्या निर्धारित है जो कि उसके महत्व को दर्शाता है। विद्यार्थी द्वारा प्राप्त क्रेडिट संख्या उसके प्रदर्शन को दर्शाता है। सन्तोषजनक प्रगति हेतु एक न्यूनतम ग्रेड पाइन्ट एवरेज आवश्यक है। इसके अतिरिक्त डिग्री के योग्य बनने के लिए एक न्यूनतम क्रेडिट संख्या का उपार्जन आवश्यक है।

प्रत्येक कोर्स विभाग के किसी एक संकाय सदस्य द्वारा समन्वित किया जाता है। यह संकाय सदस्य उस कोर्स हेतु समन्वयक कहलाता है। समन्वयक की निम्न जिम्मेदारियाँ हैं – कोर्स का संचालन, उस कोर्स को पढ़ाने वाले सभी संकाय सदस्यों के बीच समन्वयन, परीक्षा संचालन एवं ग्रेड्स प्रदान करना है। विद्यार्थी परामर्श अथवा स्पष्टीकरण हेतु कोर्स समन्वयक के पास जाते हैं।

**ग्रेडिंग प्रणाली**

विद्यार्थियों को निम्न सारणी के अनुसार ग्रेड प्रदान किये जाते हैं :–

**शैक्षणिक प्रदर्शन की ग्रेडिंग हेतु संरचना**

| शैक्षणिक प्रदर्शन | ग्रेड | पाइन्ट्स |
|---|---|---|
| विशिष्ट | AA | 10 |
| उत्कृष्ट | AB | 9 |
| अति उत्तम | BB | 8 |
| उत्तम | BC | 7 |
| औसत | CC | 6 |
| औसत से नीचे | CD | 5 |
| हाशिये पर | D | 4 |
| अत्यधिक खराब | F | 0 |
| अधूरा | IW | -- |
| वापसी | W | -- |
| छूट | WR | -- |
| संतोषप्रद / असन्तोषप्रद | S/X | -- |

निम्न शब्द–संक्षेपों को भी आवश्यकतानुसार काम लिया जा सकता है:

(REP) : ग्रेड़ एफ (F) प्राप्त पेपर की पुनरावृत्ति हेतु

(SUB) : चुने हुए पाठ्यक्रम के उपलक्ष्य में एवजी पाठ्यक्रम चुनने हेतु

(IMP) : पाठ्यक्रम में ग्रेड़ उन्नति हेतु

(GNI) : सीजीपीए एवं एसजीपीए में नहीं सम्मिलित ग्रेड़

## 2.9 नियोजन

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर की नियोजन शाखा विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं नियोजन के आयोजन में सदैव तत्पर रहती है। इस वर्ष कुल 120 संस्थानों ने संस्थान के 489 (415 बी.टैक., 74 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) विद्यार्थियों का नियोजन किया। अधिकतम एवं औसत वेतन पैकेज क्रमशः 29.00 लाख प्रतिवर्ष संगणक अभियान्त्रिकी 3 छात्रों को मिला। 12 विद्यार्थीयों को पूर्व नियोजन प्रस्ताव मिला एवं विधार्थियों (बी.टेक.)का औसत नियोजन 6.95 लाख पर रहा।

## 2.10 खेलकूद एवं क्रीड़ा

एनआईटी कुरूक्षेत्र (हरियाणा) में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एथलेटिक (पुरूष एवं महिला) एवं व्यायाम प्रतियोगिता 2016–17 आयोजित की गई : पॉवर लिफ्टिंग एवं वेट लिफ्टिंग में ओवरआल चैम्पियनशिप, बॉडी बिल्डिंग में बेस्ट पुरूष, 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पद एथलेटिक में।

एनआईटी श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान टेबल टेनिस एवं शतरंज (पुरूष एवं महिला) प्रतियोगिता 2016–17 आयोजित की गई : शतरंज में महिला में स्वर्ण एवं पुरूषों में रजत पदक।

अखिल भारतीय अन्तर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान बास्केटबाल एवं कबड्डी (पुरूष एवं महिला) प्रतियोगिता 2016–17 एमएनआईटी जयपुर (राजस्थान) में आयोजित हुईः कबड्डी में महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीता।

अखिल भारतीय अन्तर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान फुटबॉल प्रतियोगिता 2016–17 एनआईटी, त्रिपुरा में आयोजित हुई : संतोषजनक प्रर्दशन।

बिट्स पिलानी, गोवा कैम्पस द्वारा आयोजित स्प्री 2017 आमंत्रण राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2016–17 में बेडमिन्टन महिला में रजत पदक

एमएनआईटी जयपुर द्वारा आयोजित एमटीएस 2017 आमंत्रण राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2016–17 में ओवरआल चैम्पियन

आईआईटी, बीएचयू, वाराणासी द्वारा 21–23 अक्टूबर, 2016 को स्पर्धा–16 प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें संस्थान सहित 30 संस्थानों/विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। इसमें संस्थान के 46 विद्यार्थीयों की टीम ने टेबल टेनिस (पुरूष एवं महिला), शतरंज (पुरूष एवं महिला), बैडमिंटन (पुरूष एवं महिला), व्यायाम एवं क्रिक्रेट में भाग लिया। परिणाम निम्नानुसार रहे :–

- शतरंज (महिला) रजत पद 7 टीमों में से।
- शतरंज (पुरूष) 15 टीमों में 4 स्थान।
- बैडमिन्टन (महिला) 11 टीमों में से कांस्य पदक।
- व्यायाम टीम ने रजत पदक (ओवरऑल) एवं दो कांस्य पदक (व्यक्तिगत)
- क्रिक्रेट टीम क्वार्टर फाईनल में पराजित।
- टेबल टेनिस (पुरूष) प्रि–क्वार्टर फाईनल्स में पराजित।

**सत्र 2016-17 में संस्थान द्वारा आयोजित गतिविधियां :**

1. अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान बास्केटबॉल एवं कबड्डी (महिला एवं पुरूष) प्रतियोगिता 2016–17
2. अन्तर विभागीय प्रतियोगिताएँ 2016–17 (बैडमिंटन, बास्केट बॉल, क्रिक्रेट, शतरंज, फुटबॉल, वॉलीबॉल, व्यायाम, टेनिस एवं टेबल टेनिस आदि)
3. वार्षिक एथलेटिक समागम 2065–17
4. एमएनआईटी खेलकूद प्रतियोगिता (राष्ट्रीय स्तर) 2017
5. हॉगकॉग सिक्स क्रिकेट प्रतियोगिता 2017
6. अन्तर संस्थान स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2017
7. संयुक्त बॉलीबाल, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2017

## 2.11 कर्मचारी स्थिति

कर्मचारी स्थिति निम्नानुसार है–

| | | |
|---|---|---|
| स्वीकृत संकाय संख्या | – | 473 |
| संकाय सदस्यों की स्थिति (निदेशक सहित) | – | 195 |
| प्रशासकीय वर्ग की स्थिति | – | 17 |
| मंत्रालयिक कर्मचारियों की स्थिति | – | 64 |
| तकनीकी कर्मचारियों की स्थिति | – | 129 |
| सहायक कर्मचारियों की स्थिति | – | 65 |
| अनुबन्ध पर कर्मचारियों की स्थिति | – | 00 |

**संकाय द्वारा प्राप्त पुरस्कार**

संस्थान के संकाय सदस्यों ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए तथा विभिन्न ख्यातिप्राप्त संस्थानों द्वारा संकाय सदस्यों के अभियान्त्रिकी में योगदान को सराहा गया तथा सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण विवरण परिशिष्ट 11.8 में उपलब्ध है।

**अनुदान तथा शोध एवं विकास परियोजनायें**

एमएनआईटी जयपुर में शोध एवं विकास इसके केन्द्रीय बिन्दुओं में से हैं ताकि यह तकनीकी विकास के क्षेत्र में वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों को सामना करने के लिए युगान्तरकारी तकनीक विकास के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। संकाय सदस्यों के सघन अनुभव एवं प्रतिभा और शोध व विकास के लिए उनके उत्साह और समर्पण के संयोजन ने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट परिणाम रचे हैं। संकाय सदस्यों के लिए शोध का दायरा संस्थान में उनकी प्रयोगशालाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह उनके कक्षों एवं बाहरी इलाकों तक जहां भी उसका संबध हो वहां तक होता है साथ ही यह कार्य संस्थान के सभी अकादमिक कार्यक्रमों में प्रतिबिम्बित होता है।

शोध एवं विकास गतिविधियों को एमएनआईटी में शोध एवं सलाहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा संचालित और निरीक्षित किया जाता है जिसके प्रमुख अधिष्ठाता– शोध एवं सलाहकारिता होते हैं। प्रकोष्ठ की स्थापना संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों में शोध, सलाहकारिता एवं अन्य विस्तृत व पेशेवर गतिविधियों को प्रोत्साहन व बढ़ावा देने वाले वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से की गई है। अधिष्ठाता कार्यालय– शोध एवं सलाहकारिता (ओडीआरसी) सभी आन्तरिक एवं बाह्य वित्त पोषित एवं प्रायोजित शोध, पेशेवर सलाहकारिता एवं विकास गतिविधियों का पर्यवेक्षण करता है।

**अनुसंधान के महत्वपूर्ण क्षेत्र :**

संस्थान में निम्न महत्वपूर्ण विषयों पर अनुसंधान एवं औद्योगिक परामर्श का कार्य चल रहा है:–

नेनो–टेक्नॉलोजी

डिसास्टर मेनेजमेंट

एनर्जी कन्जरवेशन

इण्डस्ट्रीयल पॉल्युशन

कम्पोजिट मेटेरियल

इन्टरनेट सिक्योरिटी

प्रोडेक्टिविटी

वाटर डी–फ्लोरीडेशन

पॉवर कन्ट्रोल सिस्टम्स

स्मार्ट ग्रिड

फोटोनिक स्ट्रेक्चर्स

पॉलीमर मेम्ब्रान

नाईट्रोनिक स्टील

बायो–फ्यूल्स

ग्रीन बिल्डिंग्स

**अनुसंधान परामर्श एवं विकास उपलब्धियाँ (अन्तिम पाँच वर्ष 2011-16)**

ओन–गोईंग परियोजनाएँ रु. 47.01 करोड़

अन्य हाई वेल्यू परियोजनाएँ रु. 17.53 करोड़

औद्योगिक परामर्श रु. 18.50 करोड़

सत्र 2016–17 में राशि रुपये 13.36 करोड़ के चम्मालीस (44) नई अनुसंधान परियोजनाएँ स्वीकृत की गई।

## अनुसंधान गतिविधियाँ

संस्थान अपने संकाय सदस्यों को अपने विशिष्ठ क्षेत्र में व्यावहारिक अनुसंधाान हेतु प्रेरित करता है। व्यावहारिक परामर्श अनुसंधान की परियोजनाएँ विगत कुछ वर्षों में बढ़ी हैं।

**एग्जिबिट 1.** अन्तिम पाँच वर्षों में अनुसंधान परामर्श का विवरण निम्न प्रकार है।




5. क्लाउड इन्फ्रा के लिए एम.एन.आई.टी. डोमेन सर्वर
6. पहचान उपकरण वी.एम.वेयर (आईडेंटिटी एप्पलाइंसेस)
7. स्वचालित केन्द्र उपकरण वी.एम.वेअर क्लाउड
8. क्लाउड इन्फ्रा के लिए डी.एन.एस. सर्वर
9. क्लाउड इन्फ्रा के लिए डी.एच.सी.पी. सर्वर
10. क्लाउड इन्फ्रा के लिए एन.टी.पी. सर्वर

## प्रयोगशालाऐं संसाधन

केन्द्रीय संगणक में 500 से अधिक उच्च स्तरीय पी.सी. है इसमें 120 ग्राफिक्स वर्क स्टेशन शामिल है, सभी आधुनिक शिक्षण सुविधाओं के साथ 10 पूर्णतया वातानुकूलित संगणक प्रयोगशालाएं है जो कि वर्ष पर्यन्त प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक दिन 24 घण्टे खुली रहती है। प्रयोगशालाओं में निम्नलिखित सॉफ्टवेयर से सुसज्जित हैं–

### 1. ऑटोकैड पूर्ण सुइट 2016,

ऑटोकैड पूर्ण सुइट 2016, संशोधन, विश्लेषण या अनुकूलन संरचना वाला संगणक व्यवस्था है।

कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (सी.ए.डी.) कई क्षेत्रों में उपयोग किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन स्वचालन या ई.डी.ए. के रूप में जाना जाता है। यांत्रिकी डिजाइन में इसे मैकेनिकल डिजाइन ऑटोमेशन (एम.डी.ए.) या कम्प्यूटर एडेड ड्राफ्टिंग (सी.ए.डी.) के रूप में जाना जाता है। जिसमें कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग के साथ तकनीकी ड्राइंग बनाने की प्रक्रिया भी शामिल है।

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) | विभाग |
|---|---|---|---|
| ऑटोकैड (बिल्डिंग योजना सुइट अल्टीमेट 2017) | फ्यूजन 360<br>पेशेवर अन्वेषक<br>रेविट<br>ऑटोकैड<br>3डी.एस.मैक्स<br>माया | 3000 | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |
| बिल्डिंग डिजाइन सुइट अल्टीमेट 2017 | सम्मिलित उत्पाद<br>पेशेवर अन्वेषक<br>ऑटो कैड<br>ऑटो कैड यांत्रिकीय<br>ऑटो कैड रास्टर डिजाइन<br>रिकैप<br>वॉल्ट बेसिक<br>3 डी. मैक्स डिजाइन<br>नैविसवर्क्स प्रबन्धन<br>ऑटोकेड विद्युतकीय | 3000 | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |
| बिल्डिंग डिजाइन सुइट अल्टीमेट 2017 | सम्मिलित उत्पाद<br>ऑटो कैड<br>ऑटो कैड वास्तुकला<br>ऑटो कैड एम.ई.पी.<br>आटो कैड संरचनात्मक<br>विवरणात्मक<br>शोकेस<br>ऑटो कैड रास्टर डिजाइन<br>रिकैप<br>3डी.एस. मैक्स डिजाइन<br>नैविसवर्क्स प्रबन्धन | 3000 | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |

* लाइसेंस टाइप– नेटवर्क

## 2. हायपरवर्क्स वर्जन 13.0

हायपरवर्क्स 13.0 उत्पाद का प्रदर्शन, हल्के घटकों को डिजाइन करने और बाजार में उत्पादों को तेजी से और नई प्रौद्योगिकी तक पहुच पाने के लिए सबसे व्यापक, खुला स्थापत्यकला, मल्टीफिजिक्स सी.ए.ई मंच प्रदान करता है।

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) | विभाग |
|---|---|---|---|
| हायपरवर्क्स वर्जन 13.0 | ऑप्टिस्ट्रक्ट | 120 | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |
| | रेडिओस | 120 | |
| | एक्यू सॉल्व | 120 | |
| | हायपरमेश | 120 | |
| | हायपर व्यू | 120 | |
| | हायपर ग्राफ | 120 | |
| | इन्सपायर | 120 | |
| | इवॉल्व | 120 | |
| | वर्चुअल माइंड डनर | 120 | |
| | हायपर स्टडी | 120 | |
| | मोशन व्यू | 120 | |
| | मोशन स्लो | 120 | |
| | सिम लैब | 120 | |
| | हायपर क्रैश | 120 | |
| | हायपर मैथ | 120 | |
| | हायपर फोरम | 120 | |
| | हायपर एक्सट्रूडे | 120 | |

* लाइसेंस टाइप– नेटवर्क

## 3. इरडास इमेजिन 2015

इरडास इमेजिन एक दूरवर्ती समझने वाला अनुप्रयुक्ति है जो रास्टर ग्राफिक्स एडिटर एबिलिटि के साथ आती है जिसे इरडास द्वारा भूस्थैतिक अनुप्रयुक्तियों के लिए डिजाइन किया है। इसका नवीनतम संस्करण 2015 है। इरडास इमेजिन का प्रारम्भिक लक्ष्य भूस्थैतिक रास्टर डाटा को प्रसंस्करण करना और उपयोगकर्ता को भौगोलिक सूचना व्यवस्था (जिओग्राफिक इन्फोर्मेशन सिस्टम, जी.आई.एस.) या कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (सी.ए.डी.) सॉफ्टवेयर में डिजिटल इमेजेज को तैयार करना, प्रदर्शित करना और उन्नत बनाने में सक्षम है।

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) | विभाग |
|---|---|---|---|
| इरडास इमेजिन 2015 | इरडास फाउंडेशन | 15 | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |
| | इरडास इमेजिन | 15 | |
| | इरडास इमेजिन 2015 वी 15.1 | 15 | |
| | इंटरग्राफ लाइसेंसिंग 2015 | 15 | |
| | इरडास इमेजिन 2015 जिओडाटाबेस सपोर्ट | 15 | |
| | कोंडोर फॉर इंटरग्राफ 2015 | 15 | |
| | इरडास इमेजिन रिमोट सेंसिंग एग्जाम्पल डाटा | 15 | |

* लाइसेंस टाइप– नेटवर्क

**4. बेंटले सॉफ्टवेयर**

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) | विभाग |
|---|---|---|---|
| बेंटले सलेक्ट | स्टाड प्रो एड. विश्लेषण | 10 (अंशदान 31 मार्च तक) | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |
| | स्टाड ऑफशोर | 10 | |
| | स्टाड बिवा | 10 | |
| | स्टाड (एक्स.) टॉवर | 10 | |
| | रैम स्टील | 10 | |
| | रैम फ्रेम | 10 | |
| | रैम फाउंडेशन | 10 | |
| | रैम कंक्रीट | 10 | |
| | रैम एलिमेंट्स | 10 | |
| | रैम कनेक्शन्स | 10 | |

* लाइसेंस प्रकारः स्टैंड अलोन

## 5. एडोबी मास्टर संग्रह सीएस 6

एडोबी क्रिएटिव सुइट 6 मास्टर कलेक्शन सॉफ्टवेयर। एडोबी क्रिएटिव सुइट (सीएस) ग्राफिक डिजाइन, वीडियो संपादन एवं वेब डवलेपमेंट अनुप्रयुक्तियों के सॉफ्टवेयर सुइट्स की एक श्रृखंला थी।

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) | विभाग |
|---|---|---|---|
| एडोब मास्टर कलेक्शन सी.एस. 6 | मास्टर कलेक्शन के अन्दर में क्या है | 10 * | सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अनुज्ञप्ति |
| | फोटोशॉप एक्सेटेंडेड सीएस. 6 फोटोशॉप सी.एस. 6 एक्सटेंडेड | | |
| | इलेस्ट्रेटर सी.एस. 6 इलस्ट्रेटर सी.एस. 6 | | |
| | इन डिजाइन सीएस. 6 इन डिजाइन सी.एस. 6 | | |
| | एक्रोबेट प्रो डीसी. एक्रोबेट एक्स प्रो | | |
| | फ्लैश प्रोफेशनल सीएस. 6 फ्लैश प्रोफेशनल सी.एस. 6 | | |
| | फ्लैश बिल्डर फ्लैश बिल्डर 4.6 प्रीमियम एडिशन | | |
| | ड्रीमवीवर सी.एस. 6 ड्रीमवीवर सी.एस. 6 | | |
| | फायरवर्क्स सी.एस. 6 फायरवर्क्स सी.एस.6 | | |
| | एडोबी प्रीमीयर प्रो सीएस. 6 एडोबी प्रीमियर प्रो सीएस.6 | | |
| | आफ्टर इफेक्ट्स सीएस.6 आफ्टर इफेक्ट्स सी.एस. 6 | | |
| | एडोबी ऑडिशन सीएस.6 एडोबी ऑडिशन सीएस.6 | | |
| | स्पीड ग्रेड सी.एस.6 स्पीड ग्रेड सी.एस.6 | | |
| | एडोबी प्रील्युड सीएस.6 प्रील्युड सी.एस.6 | | |
| | एन्कोर सीएस 6 एन्कोर सी.एस. 6 | | |
| | ब्रिज सीएस 6 ब्रिज सी.एस.6 | | |
| | मीडिया एन्कोडर सी.एस. 6 मीडिया एन्कोडर सी.एस. 6 | | |

* लाइसेंस प्रकारः स्टैंड अलोन

### 6. जेमैट प्रो-वी8

जेमैट प्रो एक सिम्युलेशन सॉफ्टवेयर है जो धातुओं के लिए विस्तृत शृंखला में धात्विक विशेषताओं की गणना करता है खास तौर पर औद्योगिक अनुप्रयोग में आने वाली बहु अवयवी धातुओं के संदर्भ में। जे मैट प्रो जटिल व्यवसायिक धातुओं में धातविक विशेषताओं तथा व्यवहार को निरूपित करने के लिए एक सशक्त टूल है। जे मैट प्रो का उपयोग कर एक स्टेबल एवं मेटास्टेबल फेज इक्विलिब्रिआ, ठोसपूवर्क व्यवहार एवं विशेषताओं, मैकेनिकल विशेषताओं, ताप–भौतिकी एवं भौतिक विशेषताओं एवं रासायनिक विशेषताओं की गणना करना संभव हो सका है।

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) |
|---|---|---|
| जेमैट प्रो–वी8 | 10 | धातुकी एवं पदार्थ अभियान्त्रिकी |

* लाइसेंस प्रकारः नेटवर्क

### 7. सीमाप्रो 804

सीमाप्रो हमें उत्पादों एवं सेवा की संघारणीय प्रदर्शन को संग्रहीत, विश्लेषित और निगरानी करने के पेशेवर यंत्र उपलब्ध करवाता है। सीमा प्रो विभिन्न डाटाबेस एवं प्रभाव आकलकों के साथ पूरी तरह से एकीकृत है और इसका उपयोग विभिन्न जीवन चक्र आकलक अनुप्रयुक्तियों में किया जाता है।

| उत्पाद | मापांक (मॉड्यूल)/अवयव | अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) |
|---|---|---|
| सीमा प्रो 8.0 | 20 | ऊर्जा एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग |

* लाइसेंस टाइप– नेटवर्क

### 8. मैटलैब आर 2014ए एवं सिम्युलिंक सॉफ्टवेयर

मैटलैब (मैट्ररिक्स लैबोरेट्री) अंकीय गणनाओं, दृश्यात्मक एवं प्रोग्रामिंग के लिए उच्च स्तरीय भाषा एवं परस्पर संवादात्मक वातावरण है। मैटलैब का उपयोग कर आप डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं, अल्गोरिद्म का विकास कर सकते हैं और मॉडल्स व अनुप्रयुक्तियां रच सकते हैं। भाषा/यंत्र और अन्तरनिहित गणितीय प्रकार्यात्मक (फंक्शन्स) आपको बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति करने में मदद करते हैं और स्प्रेडशीट्स व परम्परागत प्रोग्रामिंग भाषा जैसे सी/सी++ या जावा से तीव्र सुविधा उपलब्ध करवाते हैं। आप मैटलैब का कई अनुप्रयुक्तियों के लिए उपयोग कर सकते हैं जिनमें सिग्नल प्रोसेसिंग एवं कम्युनिकेशन, इमेज एवं विडियो प्रोसेसिंग, कंट्रोल सिस्टम, टेस्ट एवं मेजरमेंट्स, कम्प्यूटेशनल फाइनेंस एवं कम्प्यूटेशनल बायोलोजी शामिल हैं। उद्योगों एवं शैक्षिक जगत में दस लाख से अधिक अभियंता एवं वैज्ञानिक मैटलैब का व्यापक रूप से प्रयोग कर रहे हैं। मैटलैब का शैक्षिक एवं शोध संस्थानों व साथ ही औद्यौगिक इकाइयों में बहुतायत से प्रयोग हो रहा है। एम.एन.आई.टी. ने सिम्युलिंक को 50 लाइसेंस व मैटलेब आर2014ए को 100 लाइसेंस और अग्रांकित टूल बॉक्स के साथ खरीदा है।

| | | |
|---|---|---|
| बायोइन्फोर्मेटिक्स टूल बॉक्स | ऑप्टिमाइजेशन टूल बॉक्स | मैटलैब बिल्डर जेए. |
| कम्युनिकेशन सिस्टम टूल बॉक्स | पैरेलल कम्प्यूटिंग टूल बॉक्स | मैटलैब बिल्डर एनई. |
| डी.एस.पी. सिस्टम टूल बॉक्स | रियल टाइम विंडो टारगेट | मैटलैब कोडर |
| एरोस्पेस ब्लॉकसेट | सिम ड्राइवलाइन | मैटलैब कम्पाइलर |
| एरोस्पेस टूलबॉक्स | पार्शियल डिफरेंशियल टूलबॉक्स | मैटलैब रिपोर्ट जनरेटर |
| न्यूरल नेटवर्क टूलबॉक्स | फेज्ड एरे सिस्टम टूलबॉक्स | मैपिंग टूल बॉक्स |
| कम्प्यूटर विजन सिस्टम टूलबॉक्स | आर.एफ. टूल बॉक्स | मॉडल प्रिडिक्टिव टूल बॉक्स |
| कंट्रोल सिस्टम टूल बॉक्स | रॉबस्ट कंट्रोल टूलबॉक्स | मॉडल बेस्ड कैलिब्रेशन टूल बॉक्स |
| कर्व फिटिंग टूल बॉक्स | सिग्नल प्रोसेसिंग टूलबॉक्स | स्प्रेडशीट लिंक ईएक्स. |
| डाटा एक्विजिशन टूल बॉक्स | सिम बायोलॉजी | स्टेट फ्लो |
| डाटाफीड टूल | सिम इक्ट्रोनिक्स | स्टेटिक्स टूल बाक्स |
| डाटाफीड टूल | सिम इवेंट्स | सिम्बोलिक मैथ्स टूल |
| इकोनोमेट्रिक्स टूल बॉक्स | सिम हाइड्रोलिक्स | सिस्टम आइडेनटिफिकेशन टूल बॉक्स |
| एम्बेडेड कॉडर | सिम मैकेनिक्स | सिस्टम टेस्ट |
| फिल्टर डिजाइन एचडीएल कोडर | सिम पॉवर सिस्टम | ट्रेडिंग टूल बॉक्स |
| फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स टूल बॉक्स | सिम आर.एफ. | व्हिकल नेटवर्क टूलबॉक्स |
| फाइनेंशियल टूल बॉक्स | सिस्केप | वेवलेट टूलबॉक्स |
| फिक्स्ड पॉइंट डिजाइनर | सिम्युलिंक 3डी एनिमेशन | ओ.पी.सी. टूलबॉक्स |
| फज्जी लॉजिक टूल बॉक्स | सिम्युलिंक कोडर | इमेज प्रोसेसिंग टूलबॉक्स |
| गोजेज ब्लॉकसेट | सिम्युलिंक कंट्रोल डिजाइन | इंस्ट्रूमेंट कंट्रोल टूलबॉक्स |
| ग्लोबल ऑप्टिमइजेशन टूल बॉक्स | सिम्युलिंक डिजाइन ऑप्टिमाइजेशन | एल.टी.ई. सिस्टम टूलबॉक्स |
| एचडीएल कोडर | सिम्युलिंक डिजाइन वेरिफायर | सिम्युलिंक रिपोर्ट जनरेटर |
| एचडीएल वेरिफायर | सिम्युलिंक पी.एल.सी. कोडर | सिम्युलिंक वेरिफिकेशन एंड वेलिडेशन |
| इमेज इक्विजेशन टूलबॉक्स | सिम्युलिंक रिअल–टाइम | सिम्युलिंक कोड इंस्पेक्टर |

### 9. विजुअल मोड फ्लो :

यह एक हाइड्रोजियोलॉजी सॉफ्टवेयर है। यह भूजल व्यवस्था के लिए अवधारणात्मक मॉडल बनाने के काम आता है, जो सिम्युलेशन से पहले संपादित होता है। भौगोलिक संरचनाएं, प्रोपर्टी मॉडल्स एवं सीमान्त परिस्थितियां सभी को मॉडल ग्रिड या मैश के बाहर डिजाइन किया जाता है। यह भूजल व्यवस्था के निष्कर्ष को पृथक्कीकरण पद्धति को अनुप्रयुक्त करने से लोचशीलता प्रदान करती है और इसे एक अंकीय मॉडल में परिवर्तित करती है।

| उत्पाद | मॉड़यूल/अवयव | लाइसेंस |
|---|---|---|
| विजुअल एम.ओ.डी. फ्लो | 5 | जनपद अभियान्त्रिकी विभाग |

* लाइसेंस प्रकारः नेटवर्क

### 10. भाषा प्रयोगशालाऐं अग्रांकित ताजातरीन सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है-

1. टेन्से बस्टर
2. स्टडी स्किल सक्सेस
3. क्लियर प्रोनाउन्सिएशन
4. क्लियर प्रोनाउन्सिएशन 2
5. क्लारिटि इंग्लिश सक्सेस
6. बिजनेस राइटिंग
7. इट्स योअर जॉब
8. एक्टिव रिडिंग
9. इश्युज इन इंग्लिश 2– इंटरनेशनल
10. ऑथर प्लस
11. रिजल्ट मैनेजर

### 11. एआरसी.जी.आई.एस.

| उत्पाद | मॉड़यूल/अवयव | लाइसेंस |
|---|---|---|
| एआरसीजीआईएस | 9 | वास्तुकला एवं जनपद इंजीनियरिंग विभाग |

* लाइसेंस प्रकारः नेटवर्क

### 9.1.2 एनकेएन (राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क) एवं सीड्ब्लूएन (कैम्पस वाइड नेटर्किंग)

**एनकेएन ( राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क)- वर्चुअल क्लासरूम एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा एवं सीडब्ल्यूएन ( कैम्पस वाइड नेटवर्किंग)**

- एमएनआईटी जयपुर के पास उच्च स्तरीय वीसी आधारभूत संरचना है जिसके तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा के लिए इसका अपना केन्द्रीकृत नियंत्रण केन्द्र है जिसमें एमसीयू भी शामिल है जो 160 पोर्ट्स, रिकार्डिंग एवं स्ट्रीमिंग सर्वर, वीडियो फायरवाल, वीडियो गेटवे, कॉन्फ्रेंस मैनेजमेंट एवं मॉनीटरिंग सिस्टम से सुसज्जित है। इसने वीसी इन्फ्रा के लिए एमएनआईटी की एनआईसी पर निर्भरता को खत्म कर दिया है और साथ ही कई सारी वीसी कार्यक्रमों को एक साथ एवं समान्तर आयोजित करने की क्षमता भी दी है।
- तीन नए वर्चुअल क्लासरूम हाल ही में विकसित किए गए हैं जिनमें उच्च स्तरीय सुविधाएं एवं ऑडियो/वीडियो एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग क्षेत्र में ताजातरीन तकनीकी अपग्रेड्स के साथ सुसज्जित हैं।
- एक अन्य अतिरिक्त एनकेएन कक्ष (एनकेएन वीसीआर पायलट प्रोजेक्ट 2011 के तहत विकसित) का सिविल व तकनीकि जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा, और जो लगभग पूरा होने को है, जो कि शीतकालीन अवकाश के दौरान अगले आईसीटी सत्र में कार्यशील हो जाएगा।
- एमएनआईटी जयपुर, दूरस्थ शिक्षा के जरिए आईआईटी जोधपुर(दो पाठ्यक्रम ईसीई एवं सीईसी) को विगत दो अकादमिक वर्षों से नियमित पाठ्यक्रम उपलब्ध करवा रहा है। विदेशी संकाय सदस्यों के साक्षात्कार एवं शोधार्थियों के प्रस्तुतिकरण के लिए एक मंच के रूप में इसका इस्तेमाल करआईआईटी कोटा भी एनकेएन वर्चुअल क्लासरूम से लाभान्वित हो रहा है। एमएनआईटी एनकेएन वीसीआर का उपयोग एमएचआरडी के ज्ञान एवं संसाधन साझाकरण पहलों जैसे जीआईएएन, आईसीटी एकेडेमिया में सक्रिय तौर पर सहभागी होने में भी करता है।
- उच्च स्तरीय वीसी इन्फ्रा सुविधाओं के प्रबंधन के अलावा एमएनआईटी वीसी इन्फ्रा टीम ने जीआईएएन एवं आईसीटी अकेडमिक पाठ्यक्रमों (15 से अधिक) का सफलतापूर्वक आयोजन किया है जिनमें रिकार्डिंग, स्ट्रीमिंग, आर्काइविंग जैसे सभी फीचर्स के साथ एनकेएन पर विभिन्न अकादमियों जिनमें आईआईटी एवं एनआईटी कम्प्यूनिटी शामिल हैं के साथ किया है। कई पाठ्यक्रम अभी चल रहे हैं वहीं करीबन 10 पाठ्यक्रम अभी योजनान्तर्गत हैं जिनके स्लॉट वीसी इन्फ्रा में पहले से ही बुक कर दिए गए हैं।
- अकादमिक नेटवर्क के लिए वैश्विक पहल (जीआईएएन) के तहत कई संकाय विकास कार्यक्रम एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी (ईआईसीटी) अकादमी को कई संस्थाओं और व्यक्तियों के लिए एनकेएन पर संबंधित पोर्ट्ल्स के जरिए उपलब्ध करवाया गया है।
- वीसी इन्फ्रा के उपयोग से नियमिति पीआरएसजी मीटिंग्स आयोजित की गईं। एमएनआईटी, एमएचआरडी की और से आयोजित कॉन्फ्रेंसेज जैसे उन्नत भारत अभियान, टीबीआई मीट इत्यादी में सक्रिय भागीदार रहता है।
- संकाय सदस्यों को उच्चगति वाले ब्राडबैंड नेटवर्क पहुंच का इस्तेमाल विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान के सृजन एवं विकास के लिए, सजीव सलाहकारिता, डाटा शेयरिंग एवं संसाधन शेयरिंग में करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- विद्यार्थियों को एनकेएन पहुंच का प्रयोग कर नेटवर्क में अन्य एनआईटी के इलेक्टिव एवं विशिष्ट कार्यक्रमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित एवं संवर्धित किया जाता है।
- महामहीम विजिटर के वक्तव्य को एमएनआईटी के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों तक महामहीम की इच्छानुसार पहुंचाया।
- एनकेएन पर सहभागी एम टेक कार्यक्रमों का स्वागत
- शोध, ज्ञान साझाकरण एवं विद्यार्थी कार्यक्रमों के लिए अन्तरराष्ट्रीय संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से सहभागिता की जा रही है।

### 9.1.3 भाषा प्रयोगशाला :

संगणक केन्द्र में एक भाषा प्रयोगशाला है। इस प्रयोगशाला में 20 कम्प्यूटर भाषा सिखने के सॉफ्टवेयर क्लीयर प्रोनाउन्सेशन, स्टेडी स्किल्स सक्सेस, क्लेरिटी इंग्लिश सोर्स, बिजनस राईटिंग, एक्टिव रीडिंग एण्ड टेन्स बस्टर सहित उपलब्ध है।

### 9.2 कार्यशाला

**केन्द्रीय कार्यशाला** एक केन्द्रीय सुविधा है जिसमें आधुनिकतम कला मशीनें निम्न उद्देश्य / कार्य हेतु उपलब्ध हैं :–

1. प्रथम वर्ष स्नातक के सभी संकाय के विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देना।
2. स्नातक (यांत्रिकी अभियान्त्रिकी) और स्नातकोत्तर (एम.एस.ई.) के विद्यार्थियों को आधुनिकतम मशीन टूल्स का प्रशिक्षण देना।
3. समस्त संकायों के विद्यार्थियों के लिए लघु एवं दीर्घ प्रोजेक्ट के फैब्रिकेशन हेतु कार्यशाला की सुविधा प्रदान करना।
4. केन्द्रीय कार्यशाला सभी विभागों एवं अनुभागों के एम.टैक. एवं पीएच.डी. स्तर पर शोध कार्य हेतु आधुनिकतम मशीनें एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना।
5. इस कार्यशाला के तहत एक प्रोजेक्ट प्रयोगशाला का विकास किया जायेगा जिसमें स्नातकोत्तर व पी.एच.डी. स्तर के शोध कार्य के लिए आवश्यक मूलभूत उपकरणों की सुविधाऐं उपलब्ध होगी। समस्त मूलभूत आवश्यक उपकरणों की सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह 24 घण्टे खुली रहेंगी।
6. समस्त कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों हेतु सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना।
7. संस्थान के समस्त फर्नीचर एवं उपकरणों के रख–रखाव की सुविधा देना।
8. उद्योगों / संस्थानों को परामर्श सेवाएँ देना जिसके द्वारा संस्थान–उद्योग समन्वय में वृद्धि होगी।
9. उपरोक्त वर्णित प्राथमिक उद्देश्यों के अलावा कार्यशाला का उपयोग सामुदायिक विकास कार्य जैसे समाज के अन्य वर्गों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाना आदि हेतु किया जायेगा।

**परियोजना प्रयोगशाला**

एक केन्द्रीय सुविधा होगी इसमें अत्याधुनिक मशीन्स द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति हो सकेगी:–

1. सभी शाखाओं के स्नातक / स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के छोटे और बड़े परियोजनाओं के निर्माण के लिए कार्यशाला सुविधा प्रदान करना।
2. परियोजना प्रयोगशाला में अत्याधुनिक मशीन्स टूल्स एवं उपकरण होंगे जो संस्थान के सभी विभागों तथा अनुभागों में एम. टैक. एवं पी.एच.डी. स्तर पर शोध कार्य के लिए सुविधा प्रदान करेगा।
3. परियोजना प्रयोगशाला नवाचारों का केन्द्र होगी तथा इससे नए पेटेन्ट्स पंजीकृत करने में भी सहायता मिलेगी।
4. परियोजना प्रयोगशाला का विद्यार्थियों द्वारा परियोजना प्रयोगशाला समन्वयक के मार्गदर्शन में प्रबंधन होगा।
5. यह वर्ष में दो बार नए नवाचारों की प्रदर्शनी आयोजित करेगी। इन प्रदर्शिनियों का आयोजन उद्योग वर्ग के सहयोग से किया जाएगा।
6. यह परियोजना प्रयोगशाला 24 घण्टे खुली रहती है।

## 9.3 पुस्तकालय

**1. कुल क्षेत्रफल : 15847 वर्गफीट (प्रति छात्र क्षेत्रफल - 7.5 वर्गफीट) -**

संस्थान के केन्द्र में केन्द्रीय पुस्तकालय स्थित है जहाँ समस्त आगन्तुक सुविधापूर्वक सम्पर्क कर सकते हैं। यह दो मंजिला (भूतल एवं प्रथम तल) भवन है जिसका क्षेत्रफल 15847 वर्गफीट है। इसमें गोदरेज मेक नया एवं आधुनिक फर्नीचर एवं ऑप्टीमाईजर्स लगाया गया है। बैठने के समस्त स्थान वातानुकूलित हैं जो कि CCTV Surveillance सिस्टम एवं स्मोक अलार्म सिस्टम के अधीन है। उपयोगकर्त्ता के लिए प्रत्येक बैठने के स्थान को क्यूबिकल्स में विभाजित किया गया है। केन्द्रीय पुस्तकालय का आधुनिकीकरण कर अप्रैल 2012 में इसे नया नाम ''विद्या संसाधन केन्द्र'' दिया गया है।

**2. पुस्तकालय स्वचालन एवं कम्प्यूटराईजेशन**

केन्द्रीय पुस्तकालय में निम्नांकित विकासात्मक पहल की गई:–

2.1 केन्द्रीय पुस्तकालय में कस्टमाईज्ड पुस्तकालीय प्रबंधन सॉफ्टवेयर (KOHA) है।

2.2 गेट एन्टीना के साथ स्मार्ट कार्ड के लिए आर.एफ.आई.डी. प्रणाली स्थित है।

2.3 स्मार्ट कार्ड़ तकनीक

**3. सदस्य**

| | | |
|---|---|---|
| (अ) | विद्यार्थी | 4296 |
| (ब) | संकाय एवम् कर्मचारी | 471 |

**4. पुस्तकों/पत्र-पत्रिकाओं का प्रसार (लगभग)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | मुख्य पुस्तकालय काउन्टर से | 86,000 | प्रतिवर्ष |
| (ब) | बुक बैंक से | 62,000 | प्रतिवर्ष |

**5. आगन्तुकों की सम्भावित संख्या (सदस्यता के आधार पर)** 1800 प्रतिदिन

(संकाय सदस्य, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं शुल्क आधारित सदस्य)

**6. समय**

प्रातः 8:00 से सायं 10:00 बजे (सोमवार से शुक्रवार)

प्रातः 9:00 से सायं 6:00 बजे (शनिवार व रविवार)

**7. दिनांक 1-4-2016 से 31-3-2017 तक पुस्तकों की संख्या**

| क्र. सं. | विवरण | | 31.3.2016 को | 2016-2017 में जोड़ा | 01.4.2017 को | आहरण | उपलब्ध संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुस्तकालय पुस्तकें | छपी पुस्तकें | 89249 | 294 | 89542 | 3352 | * 86190 |
| | | इ–पुस्तकें | 3073 | -- | 3073 | -- | 3073 |
| 2 | बैक वॉल्युम्स | | 13580 | -- | 13580 | 120 | 13460 |
| 3 | BIS कोड | | 12498 | -- | 12498 | -- | 12498 |
| 4 | बुक बैंक (सामान्य) | | 51645 | 25 | 51669 | -- | * 51669 |
| 5 | बुक बैंक (अनुजाति/ अनु जनजाति) | | 19022 | -- | 19022 | -- | * 19022 |
| 6 | CBIP प्रकाशन | | 531 | -- | -- | -- | 531 |
| 7 | CD ROMs डेटाबेस+ LRs (विभिन्न विषयों पर) | | 846 | -- | -- | -- | 846 |
| | | | | | | कुल उपलब्ध संख्या | **1,87,289** |
| * भौतिक सत्यापन हो चुका है एवं अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। | | | | | | | |

**8. अमुद्रित सामग्री**

| | | कुल संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वीडियो कैसेट्स | 1035 |
| 2 | सीडी एवं फ्लोपीज (पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के साथ प्राप्त) | 1000 अनुमानतः |

**9. खर्चे - (01/04/2016 से 31/03/2017 तक)**

**9.1 मुद्रित किताबें आदि**

| क्र.सं. | विवरण | 2016.17 (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | पुस्तकालय योजना | 3,42,976 |
| 2 | पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ | 5,400.00 |
| 3 | मुद्रित जरनल्स हेतु अंशदान | 1,77,220.00 |
| 4 | समाचारपत्र एवं पत्रिकाएँ | 49,472 |
| | **कुल** | **5,75,068.00** |

**9.2 ऑनलाईन रिसोर्स (योजनाग्रत बजट) पर खर्च**

1 ऑनलाईन जनरल एवं डाटाबेस हेतु अंशदान रूपये 1,15,61,835.00

**9.3 अन्य खर्च (डेलनेट, काव्हा सोफ्टवेयर, अन्य)**

KOHA सॉफ्टवेयर, DELNET रूपये 65,838.00

**10. मुद्रित जनरल :**

10.1 सदस्यता (सब्सक्राईब्ड) 86

10.2 प्रतिपूरक जनरल्स / संवाद पत्र विवरण (न्यूज लैटरर्स रिपोर्ट) आदि अनुमानतः 75

**11. वैद्यद्वणिकी/ऑनलाईन संसाधन एवं डाटाबेस :**

| S. No | e- Resources | URL |
|---|---|---|
| **I** | **e- Shodh Sindhu Consortium (Introduced by MHRD, New Delhi through INFLIBNET)** | |
| 1. | **ACM Digital Library** | http://dl.acm.org/ |
| 2. | **ASCE Journals Online** | http://ascelibrary.org/ |
| 3. | **ASME Journals Online** | http://asmedigitalcollection.asme.org/ |
| 4. | **ASTM Standards + Digital Library** | https://www.astm.org/DIGITAL_LIBRARY/index.html |
| 5. | **Economic & Political Weekly** | http://www.epw.in/frontpage?0=ip_login_no_cache%3D57d83a8e82068ab8bf281 7cfc32a0d62 |
| 6. | **Emerald CFTI Collection (298 titles)** | http://www.emeraldinsight.com/ |
| 7. | **Institute for S tudies in Industrial Development (ISID) Database** | http://isid.org.in/home.html |
| 8. | **JGate Plus (JCCC)** | https://jgateplus.com/search/ |
| 9. | **JSTOR** | http://www.jstor.org/ |
| 10. | **Nature** | https://www.nature.com/ |
| 11. | **Oxford University Press** | https://academic.oup.com/journals/ |
| 12. | **Web of Science Lease Access** | http://apps.webofknowledge.com/WOS_GeneralSearch_input.do?product=WOS&search_mode=GeneralSearch&SID=2CtLDDEXwVgcO59kkZE&preferencesSaved= |
| **II** | **Online Journals subscribed by MNIT Jaipur** | |
| 01 | Taylor & Francis | www.tandf.com |
| **02** | SAGE Pub., New Delhi | http://online.sagepub.com http://jax.sagepub.com/ |
| **03** | Science Direct(ELSEVIER PUBLISHERS) | http://www.sciencedirect.com/ |
| **04** | IEL Online Journals | http://ieeexplore.ieee.org |
| **III** | **Bibliographic Databases** | |
| 01 | Access Science Database (for Civil, Mech. & Arch.) | http://mhebooklibrary.com |
| 02 | PROWESS (Multi User LAN Version containing Financial databases of 27000 Indian companies.) | http://prowess.cmie.com |
| 03 | Economic Research (Eco View) + Industry Research on 10 industries | www.crisilresearch.com |

**अन्य ऑनलाईन संसाधन/डेटाबेस**

- **भारतीय मानक ब्यूरो कोड** (इन्ट्रानेट के माध्यम से) जून, 2009 तक अद्यतन
- **CD-ROM डेटाबेस (अभियान्त्रिकी विषयों पर** 846 CD-ROMs)
- अनुसंधान पत्रों और पुस्तकों के लिए DELNET **डेटाबेस सेवाएँ।**

**12. पुस्तकालय एवं सूचना सेवायें**

(i) मुख्य पुस्तकालय से पुस्तकें जारी करना

(ii) बुक बैंक से पुस्तकें जारी करना (अजा एवं अनु–जनजाति को अतिरिक्त पुस्तकें जारी की जाती है।)

(iii) वीडियो दर्शनीय सेवायें

(iv) सी.डी.– रोम डॉटाबेस

(v) रिप्रोग्राफिक सेवायें (फोटोकॉपी सेवायें)

(vi) सामयिक प्रकाशन सेवायें

(vii) इंटरनेट सुविधा (वाई–फाई)

(viii) जे – गेट सेवायें

(ix) डेलनेट सेवा

(x) आन्तरिक पुस्तकालय ऋण (आई.एल.एल.) सेवा डेलनेट के माध्यम से

(xi) सन्दर्भ सेवायें

(xii) बी.आई.एस. और आई.आर.सी कोड्स

(xiii) उपयोगकर्त्ता के सवालों के जबाव देने के लिए सेवा व्यवस्था

(xiv) नवागत पुस्तकों का प्रदर्शन

(xv) महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं पत्रकों का प्रदर्शन

(xvi) बाह्य सदस्यों को दी गई सुविधायें

**13. स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान छात्रों के उन्मुखीकरण हेतु:**

स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोध विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को ई.एस.एस. कन्सॉर्टियम सेवायें एवं डेलनेट डेटाबेस सेवाओं को प्रयोग में लाने हेतु मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

**14. अतिरिक्त जानकारी**

1. नवागत पुस्तकों का प्रदर्शनः– नई क्रय की गई पुस्तकों को केन्द्रीय हॉल में डिस्प्ले करना ताकि पाठक को इसका पता लग सके
2. डेटाबेस शोध प्रबन्ध व शोध निबन्धः– संस्थान में प्रस्तुत की जाने वाली शोध–प्रबन्ध एवं शोध–निबन्ध को ओ.पी.ए.सी. में फीड करना एवं उपलब्ध करवाना।
3. वेब ओ.पी.ए.सी. के उपयोगकर्त्ता पुस्तकालय डेटाबेस को विश्व में कही भी देख सकते है।

**15. अन्य गतिविधियाँ**

15.1 उपयोगकर्त्ता का ई–जर्नल्स के ऑनलाइन एक्सेस के लिए उन्मुखीकरण

15.2 पुस्तकालय एवं इसकी सेवाओं में प्रवेशित सभी नवागत के लिए एस.एस.एम.पी. उन्मुखीकरण

15.3 समय–समय पर पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन

15.4 सभी विभागों के लिए सभा, वार्तालाप, संगोष्ठी आदि आयोजित करने हेतु सभा कक्ष की सुविधा

15.5 समय–समय पर पुस्तकों की जिल्दबंदी (बांधना)

**16. भविष्य की योजना**

16.1 धुँआ अलार्म सिस्टम के साथ अग्नि सुरक्षा उपाय

16.2 ई.एस.टी. के विभिन्न विषयों पर ई–किताब और ई–पत्रिक को क्रय करना व सदस्यता लेना

16.3 सम्पूर्ण पुस्तकालय में एल.ई.डी. लाईट

16.4 पुस्तकालय के शेष बचे भाग में भी वातानुकूलन की व्यवस्था

## 9.4 प्रयोगशालाएँ

केन्द्रीय कार्यशाला एवं केन्द्रीय अभिकलित्र केन्द्र के अतिरिक्त संस्थान में प्रत्येक विभाग में विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न प्रयोगशालाएँ हैं। इन प्रयोगशालाओं का उपयोग स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा सामान्य पाठ्यक्रम के कार्य हेतु एवं शोध हेतु किया जाता है। शोध विद्यार्थियों के लिए कुछ उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पृथक प्रयोगशालाओं की भी व्यवस्था है। इन प्रयोगशालाओं का उपयोग शोध हेतु संकाय सदस्यों, शोध विद्यार्थियों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है।

**राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाएँ भी मा.रा.प्रौ.संस्थान जयपुर में स्थापित की गई है।**

## 9.5 भौतिक सुविधाएँ

संस्थान का परिसर 125.04 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत है। यह आधुनिक स्थापत्य कला, प्राकृतिक सुंदरता एवं नयनाभिराम वातावरण का सुन्दर समन्वय है। परिसर क्षेत्र को तीन कार्यशील प्रखंडों में संयोजित किया गया है।

1. अनुदेशात्मक भवन (इंस्ट्रक्शनल) / विवेकानंद व्याख्यान परिसर
2. अत्याधुनिक कॉरपोरेट कार्यालय
3. संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय क्षेत्र
4. विद्यार्थियों के लिए छात्रावास

अनुदेशात्मक भवन एवं विवेकानंद व्याख्यान परिसर इतनी अच्छी जगह पर स्थापित हैं कि ये छात्रावासों और संकाय सदस्यों के आवासीय क्षेत्र दोनों से समुचित नजदीक हैं। विवेकानंद व्याख्यान परिसर में 34,360 वर्ग मीटर का आच्छादित (कवर्ड) क्षेत्र है और इसका निर्माण 80 करोड़ के व्यय से किया गया है। भवन केन्द्रीय वातानूकुलित है और इसमें 43 थिएटर हैं।

जिनकी बैठक क्षमता 120 लोगों की है, वहीं 6 थिएटर की बैठक क्षमता 240 लोगों की है। यह कक्षा कक्ष स्मार्ट कक्षा कक्ष होंगे और यह सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित होंगे। हरित भवनों के प्रति प्रतिबद्धता के क्रम में संस्थान के लगभग सभी भवनों पर विद्युत उर्जा उत्पादन के लिए सौर पैनल स्थापित किए जा रहे हैं।

परिसर में एक शाखा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लि. और एस.बी.आई. की है व एक पोस्ट ऑफिस भी है। आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ने परिसर में एक ए.टी.एम. भी स्थापित किया है।

संस्थान के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के लिए एक अत्याधुनिक कारपोरेट कार्यालय एवं कम्प्यूटर सेंटर का विकास किया जा चुका है और एक डिजीटल लाइब्रेरी विकसित की जा रही है जो 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विस्तारित है। इस भवन में पूरा प्रशासनिक एवं लेखा प्रभाग, संस्थापन एवं अकादमिक स्टाफ कार्यालय, निदेशक कार्यालय, अधिष्ठाता कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्यालय एवं बैंकिंग व पोस्ट आफिस सेवाएं भी स्थापित हैं।

चिकित्सा अधिकारियों की टीम एवं दो कंपाउडर द्वारा संचालित एक पूर्णतया सुसज्जित डिस्पेंसरी उपलब्ध हैं। संस्थान ने एक अंशकालिक होमियोपैथिक चिकित्सक एवं एक महिला चिकित्सक की सेवाएं भी परिसर में उपलब्ध करवा रखी हैं। संस्थान कार्यालय समय के अतिरिक्त एक अनुदेशात्मक क्षेत्र और एक छात्रावास के निकट विद्यार्थियों व कर्मचारियों को एक पूर्ण रूप से सुसज्जित खान–पान भवन अपनी सुविधाऐं उपलब्ध करवा रहा है। परिसर में एक दूध का केन्द्र, एक नाई की दुकान, एक धोबी, लेखन सामग्री की दुकान और एक सरकारी सहकारी भंडार है जो निवासियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करवा रहे हैं।

## 9.6 खेलकूद एवं व्यायाम की सुविधाएँ

**उपयोग :**

सभी खेल के मैदान ज्यादातर समय (सुबह एवं शाम) संस्थान के विधार्थियों, कर्मचारियों के बच्चों एवं कर्मचारियों से, उनकी खेलकूद व व्यायाम गतिविधियों के लिए प्रयोग होते हुए देखा गया है।

**वर्तमान बुनियादी ढ़ाँचे :**

### मैदानी (आऊटडोर) सुविधाएँ

1. बास्केटबाल (दो कोर्ट फ्लड़ लाईटों सहित तथा 2000 की बैठक क्षमता)
2. बॉलीबाल (तीन कोर्ट फ्लड़ लाईटों सहित)
3. टेनिस (अन्तर्राष्ट्रीय मानक के तीन स्निथेटिक कोर्ट)
4. क्रिकेट (दो सीमेंट पिच एवं एक क्रिकेट पिच)
5. फुटबाल (दो कोर्ट)
6. एथलेटिक ग्राउण्ड

### अंतरंग (इनडोर) सुविधाएँ

1. बेड़मिन्टन (एक सिन्थेटिक कोर्ट)
2. बिलयर्ड़ (एक टेबिल)
3. टेबिल टेनिस सुविधाऐं खेल परिसर और सभी छात्रावासों में
4. शंतरज
5. व्यायाम शाला

**मैदानी खेल (आऊटडोर) :**

**बास्केटबॉल (दो कोर्ट फ्ल्ड लाईट सहित) :** संस्थान में दो बास्केटबॉल कोर्ट हैं एवं इनका निर्माण एफ.आई.वी.बी. (फेडरेशन अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल संघ) के मानकों के अनुरुप चारों तरफ पर्याप्त क्षेत्र सहित किया गया है। मैच देखने के लिए कोर्ट में एक तरफ सीढ़ियाँ हैं।

**वालीबॉल (तीन कोर्ट फ्ल्ड लाईट सहित) :** संस्थान में तीन वालीबॉल कोर्ट हैं और ये एफ.आई.वी.बी. (फेडरेशन अन्तर्राष्ट्रीय वालीबॉल संघ) के मानकों के अनुरुप चारों तरफ पर्याप्त क्षेत्र सहित है। मैच देखने के लिए पर्याप्त जगह हैं।

**टेनिस (तीन कोर्ट फ्ल्ड लाईट सहित) :** संस्थान में तीन सिन्थेटिक कोर्ट फ्ल्ड लाईट सहित तैयार किये जा रहे हैं।

**क्रिकेट (अभ्यास के लिए दो सीमेंटेड पिच एवं एक क्रिकेट पिच ) :** संस्थान में क्रिकेट एवं एथलेटिक्स के लिए चारों तरफ पर्याप्त जगह का एक ही मैदान है। मैदान के एक तरफ क्रिकेट मैच देखने के लिए सीढ़ियाँ हैं।

**फुटबॉल (दो मैदान) :** संस्थान में एक सार्वजनिक खेल का मैदान है जहाँ दो हरे फुटबॉल मैदान एफ.आई.एफ.ए. (फेडरेशन अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल संघ) के मानकों के अनुरुप निर्मित है जिसके चारों तरफ पर्याप्त क्षेत्र है। मैच देखने के लिए मैदान में एक तरफ सीढ़ियाँ हैं।

**एथलेटिक (एक ट्रैक) :** संस्थान में एक सार्वजनिक खेल का मैदान चारों तरफ पर्याप्त क्षेत्र सहित है जिसमें ट्रैक एवं मैदानी प्रतियोगिता से पूर्व तैयार कर दिया जाता है। एथलेटिक प्रतिस्पर्द्धा देखने के लिए मैदान में एक तरफ सीढ़ियाँ हैं।

**अन्तरंग खेल :**

**बैंडमिंटन (एक कोर्ट) :** बी.डब्ल्यू.एफ. मानकों के अनुरुप चारों तरफ पर्याप्त क्षेत्र सहित एक छादित बैडमिंटन कोर्ट है जिसमें बैडमिंटन मैच देखने के लिए पर्याप्त जगह है।

**टेबिल टेनिस :** संस्थान में स्थाई रूप से टेबिल टेनिस सुविधा नहीं है। अस्थाई रूप में यह O.L.H. में है।

**शतरंज :** संस्थान में स्थाई रूप से शतरंज सुविधा नहीं है। अस्थाई रूप में यह बैंडमिंटन हॉल एवं कभी–कभी बास्केटबॉल स्टेडियम में होती है।

**बिलियर्ड :** हमारे पास सभी सुविधाओं से सुज्जित केवल एक ही मापक बिलियर्ड टेबिल है।

**व्यायाम कक्ष :** संस्थान में एक मानक व्यायाम कक्ष है। व्यायाम के उपकरण एवं संसाधन खरीद प्रक्रिया में है। अभियान्त्रिकी के विद्यार्थी शारीरिक काया एवं शारीरिक बनावट में अधिक ध्यान देते हैं। संस्थान ने सभी भारत्तोलन एवं शीर्ष शारीरिक बनावट प्रतियोगिताओं में पदक जीते है।

**प्रस्तावित विस्तार -**

1. नये क्रिकेट मैदान का समतलीकरण
2. न्यू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का अनुमोदन पहले ही हो चुका हे। इसमें स्क्वेश कोर्ट, बेडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, चेन्जिंग कक्ष एवं ऑफिस परिसर हेतु स्थान होगा।

**उपयोगः-** सभी खेल के मैदान अधिकतम काल (समय) (सुबह एवं सांयकालीन) संस्थान के विद्यार्थियों, कर्मचारियों व उनके बच्चों की खेलकूद व व्यायाम गतिविधियों के लिए प्रयोग में आते देखे गये है।

## 9.7 अन्य सुविधाएँ जैसे छात्रावास, मैस, कर्मचारी आवास, प्रशासन इत्यादि

पुरूष एवं महिला छात्रावासों की क्षमता का विवरण निम्न है:–

**छात्रावास कक्षों (पुरूष एवं महिला) की स्थिति**

| क्र.सं. | छात्रावास का नाम | कुल क्षमता | कुल कक्षों की संख्या | कक्षों का प्रकार जेसे सिंगल/डबल बैड/अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एच 1 – पारीजात | 177 | 108 | 72 एकल<br>36 तिहरा |
| 2 | एच 2 – चेतन्य | 169 | 108 | 72 एकल<br>36 तिहरा |
| 3 | एच 3 – सतपुरा | 180 | 108 | 72 एकल<br>36 तिहरा |
| 4 | एच 4 – लोहित | 140 | 108 | 72 एकल<br>36 दोहरा |
| 5 | एच 5 – ब्रहस्पति | 182 | 182 | 182 एकल |
| 6 | एच 6 – कबीर | 180 | 108 | 72 एकल<br>36 तिहरा |
| 7 | एच 7 – द्रोण | 225 | 75 | 75 तिहरा |
| 8 | एच 8 – वरूण | 212 | 212 | 212 एकल |
| 9 | एच 9 – अरबिन्दो | 975 | 975 | **975** एकल |
| 10 | एच 10 – स्नातकोत्तर छात्रावास | 16 | 16 | 16 एकल |
| 11 | एच 11 – मैत्री | 206 | 130 | 48 एकल<br>**68 दोहरा**<br>**14 तिहरा** |
| 12 | एच 12 – गार्गी | 402 | 402 | 402 एकल |

प्रतिवर्ष जुलाई सत्र के दौरान छात्रावासों में अधिभोग शत प्रतिशत रहता है।

**छात्रावास प्रबन्धन**

अवधाता विद्यार्थियों की देखभाल के लिए उत्तरदायी होते हैं। ये छात्रावासों के कक्ष आवंटन और खाली कक्षों की रिपोर्ट बनाते हैं। अवधाता का यह कर्तव्य है कि वह शिकायत रजिस्टर का संधारण करे जिसमें बिजली, टूट–फूट, दरवाजे, स्नानघर, सफाई, पानी, पानी के कूलर, नेट वर्किंग, कांच आदि से सम्बन्धित शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाये एवं उनके निस्तारण का प्रयास करे एवं शिकायतों की निगरानी करे। छात्रावासों में अवधाताओं की सूची निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | अभिरक्षक | छात्रावास सं. एवं नाम | मोबाईल नं. | अवधाता का नाम | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. तरूष चन्द्र | एच 1 – पारीजात | 9549654390 | श्री सत्यनारायण पारीक | 9549657363 |
| 2 | डॉ. विजय नवरतन नडाकुडरू | एच 1 – पारीजात | 9549650129 | | |
| 3 | डॉ. दिनेश कुमार | एच 2 – चेतन्य | 9549654562 | श्री सत्यनारायण पारीक अंकित शर्मा | 9549657363<br>9887815657 |
| 4 | डॉ. अमर पटनायक | एच 3 – सतपुरा | 9549657318 | श्री बलवीर सिंह रावत | 9549659040 |
| 5 | डॉ. सी. पैरीयासामी | एच 4 – लोहित | 9549654235 | श्री पुष्पेन्द्र कौशिक | 9828633376 |
| 6 | डॉ. आर.के. दुचानिया | एच 5 – ब्रहस्पति | 9549654246 | श्री दौल चन्द सैनी | 9414338750 |
| 7 | डॉ. राजीव कुमार दोहरे | एच 6 – कबीर | 9549654168 | श्री बाबू लाल कुमावत | 9549659194 |
| 8 | डॉ. विवेकानन्द | एच 6 – कबीर | 9549651360 | | |
| 9 | डॉ. नितिन गुप्ता | एच 7 – द्रोण | 9549658136 | श्री भगवान सहाय कुमावत | 9549659167 |
| 10 | डॉ. वीरेन्द्र सिंह | एच 7 – द्रोण | 9549654500 | | |
| 11 | डॉ. सुभ्रयान मण्डल | एच 8 – वरूण | 9549657338 | श्री देवेन्द्र कुमार सिंघल | 8561866562 |
| 12 | डॉ. गुंजन सोनी | एच 8 – वरूण | 9549654559 | | |
| 13 | डॉ. हरलाल सिंह माली | एच 9 – अरबिन्दो | 9549654561 | श्री सवाई सिंह भाटी<br>श्री अजय सिंह शेखावत<br>कुलदीप शर्मा<br>श्री संदीप<br>श्री भूपेन्द्र पाण्डे | 9549657385 |
| 14 | डॉ. सुशान्त उपाध्याय | एच 9 – अरबिन्दो | 9549654173 | | 9549659169 |
| 15 | डॉ. सुमन्त कुमार मेहर | एच 9 – अरबिन्दो | 95496554856 | | 8058273136 |
| 16 | डॉ. इमेनयूल पिल्ली | एच 9 – अरबिन्दो | 9549658131 | | 9413962939<br>9784849313 |
| 17 | श्री जय नारायण | एच 10 – कैलाश (स्नातकोत्तर) | 9549657645 | श्री सत्यनारायण पारीक | 9549657363 |
| 18 | डॉ. उर्मिला भृगु | समन्वयक अभिरक्षक | 9549654214 | | |
| 19 | डॉ. प्रीति भट्ट | एच 11 – मैत्री | 9549657352 | श्रीमती लीला रावत<br>श्रीमती कृपा कुमारी | 7792893017<br>9561969828 |
| 20 | डॉ. सुमन राठौड़ | एच 12 – गार्गी | 9549657321 | श्री अर्जुन सिंह | 8560022367 |

- संस्थान के निदेशक महोदय के अनुमोदन पर व मुख्य अभिरक्षक की अनुशंसा पर संस्थान के संकाय सदस्य छात्रावासों के अभिरक्ष नियुक्त किये जाते।
- अभिरक्षक विद्यार्थियों के स्थानीय संरक्षक होंगे एवं वे उनके नैतिक, मानसिक एवं शारीरिक भलाई के लिए जिम्मेदार होंगे।
- अभिरक्षक छात्रावासों को चलायेंगे एवं वे छात्रावासों के सामान्य प्रशासन को देखेंगे।
- अभिरक्षक विद्यार्थियों में से समितियों का गठन करेंगे जैसे मैस समिति, रीडिंग रूम समिति और अन्य समितियाँ जो भी आवश्यक हो।
- अभिरक्षक मुख्य अभिरक्षक की निगरानी में संबंधित मैसों की पर्यवेक्षण का कार्य करेंगे एवं मैस एवं छात्रावासों में सभी नियमों एवं प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करायेंगे।
- यदि कोई अनुशासनहीनता अभिरक्षक के संज्ञान में आती है या अवधाता द्वारा बताई जाती है तो वे प्रकरण को मुख्य अभिरक्षक के अनुमोदन पर स्थाई अनुशासनिक समिति को प्रस्तुत करेंगे।
- छात्रावासों से संबंधित अभिरक्षकों की सूची ऊपरवर्णित की गई है।
- मुख्य अभिरक्षक– संस्थान का संकाय सदस्यसंस्थान के निदेशक द्वारा मुख्य अभिरक्षक नियुक्त किया जाएगा।
- छात्रावास एवं मैसों का प्रशासनिक नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण मुख्य अभिरक्षक के अधीन होगा। समस्त अभिरक्षक मुख्य अभिरक्षक के पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में कार्य करेंगे।
- मुख्य अभिरक्षकों की परिषद् के द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर सकेंगे जैसे– स्थाई अनुशासनिक समिति, खरीदारी समिति, अध्ययन कक्ष, अन्तरग खेल एवं रचनात्मक कार्य, अनुशासन एवं एन्टी–रेगिंग, खुला क्षेत्र रखना, पोधारोपण एवम् भूमि संधारण, रख–रखाव, सम्पदा मामले एवम् जल प्रबन्धन, छात्रावसों में कक्षों का आवटन एवं वेबसाईट
- मुख्य अभिरक्षक द्वारा अभिरक्षकों की परिषद् की सहमति से छात्रावासों के नियम बनाये जाऐंगे एवं निर्णय लिये जाऐंगे।
- अभिरक्षकों एवं मुख्य अभिरक्षक द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में लिए निर्णय अन्तिम होंगे।

**कमरों का आवंटन**

अभिरक्षक परिषद् एवं मुख्य अभिरक्षक द्वारा निर्धारित नीति के तहत कक्षों का आवंटन छात्रावास कार्यालय द्वारा किया आएगा। छात्रावासों के कक्षों के आवंटन की नीति निम्नानुसार है :–

छात्रावासों में कक्ष आवंटन के बाद विद्यार्थी अवधाता को सूचित करेंगे जो कि उसका रिकॉर्ड संधारित करेंगे एवं शुल्क चालान देखने के बाद कक्ष में बिजली, फर्नीचर एवं कक्ष की अन्य वस्तुओं के वस्तु सूची में हस्ताक्षर करवाकर कमरा विद्यार्थी को सौंपा जाएगा। कोई भी छात्र यदि छात्रावास छोड़ता है तो उसे कक्ष का कब्जा समर्पित करना होगा एवं सभी बकाया को स्पष्ट करना होगा।

**एन्टी रैगिंग नीति-**

रैगिंग के सन्दर्भ में मा.रा.प्रौ.संस्थान में शून्य सहिष्णुता है। संचालकों की परिषद् तथा अवधाताओं की एक टीम लगातार छात्रावासों एवं छात्रावास क्षेत्र का भ्रमण करती है। यह टीम प्रातः 6 से रात्रि 12 बजे तक कार्य करती है।

## मैस प्रबन्धन

वर्तमान में 4 मेस है  जिसमें विद्यार्थियों के छात्रावास संख्या 1, 6, 7 व 8 एवं छात्रावास संख्या पीजी, 2,3,4,5 में भोजन व्यवस्था है। ये मैसे इन मैसों में काम करने वाले मैस कर्मचारियों एवं मैस सहायकों के द्वारा संचालित की जाती हैं। निवास करने वाले विद्यार्थी अनिवार्य रूप से इसके साथ जुड़ी मैस में सम्मिलित होंगे। अभिरक्षकों द्वारा विद्यार्थियों में से गठित मैस समिति ही मैस सम्बन्धी कार्य का  प्रबन्धन करेगी। सचिव, सहायक सचिव, कोषाध्यक्ष एवं दो सदस्यों की यह एक समिति होगी। मेस समिति मैस सहायक एवं अभिरक्षक के मंत्रणा करके मैस की खानपान सूची तय करेगी। मैस सचिव कच्चे सामान की जांच के लिए उत्तरदायी होगा एवं वो हर भुगतान बीजक पर अपने हस्ताक्षर करेगा।

मैस आहार की गणना मैस में होने वाले मासिक उपभोग के आधार पर होगी।

ओरबिन्दो छात्रावास की मेस का प्रबंधन मैसर्स बोन टेम्प्स (प्रा.) लिमिटेड, अहमदाबाद द्वारा 16 अगसत, 2014 से किया जा रहा है एवं वर्तमान आहार प्रति छात्र प्रति दिन रुपये 76/– है। मैस का प्रबन्ध मैस समिति द्वारा किया जाता है।

गार्गी छात्रावास की मेस का प्रबन्धन मैसर्स किसान केटरिंग द्वारा अगस्त, 2014 से किया जा रहा है एवं वर्तमान आहार प्रति छात्रा प्रति दिन रुपये 76/– है। मैस का प्रबन्ध मैस समिति द्वारा किया जाता है। मैस के मामले अभिरक्षक द्वारा गठित समिति के द्वारा निपटाये जाते हैं।

## अन्य सुविधाएँ

1. संस्थान के सभी छात्रावासों में एक सार्वजनिक कक्ष, एक रंगीन टेलीविज़न और टेबिल टेनिस की एक टेबिल की सुविधा उपलब्ध है।
2. छात्रावासों की सुरक्षा हेतु अरबिन्दो छात्रावास, गार्गी छात्रावास और एम.एच.एस. के प्रवेश पाइंट पर निगरानी के लिए वीडिओ निगहरानी, डी.वी.आर. लगाया गया है।
3. छात्रावासों की व्यवस्थित सफाई के लिए गार्गी, अरबिन्दो एवं वरूण छात्रावास में तीन यंत्रीकृत सफाई मशीन उपलब्ध करवाई हैं।
4. छात्रावास संख्या 1 से 3 के पुराना फर्नीचर जैसे– पलंग, टेबल एवं कुर्सी को गोदरेज के नए फर्नीचर से बदला गया है। इन गर्मीयों में 1 से 3 तक के छात्रावासों के पंखों को भी बदला जाएगा है।
5. मेस संख्या 2, 6, 7 एवं 8 में मैस कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु बायोमैट्रिक मशीन लगाई गई है।
6. गार्गी, अरबिन्दो एवं छात्रावास संख्या 4 में जलपान गृह की सुविधा निजी विक्रेता के माध्यम से प्रदान की गई है।
7. छात्रावास कार्यालय में ई.आर.पी. मॉड्यूल अपनाया हुआ है जिसमें मैस कर्मचारियों के मस्टररोल जैसे कि – वेतन तैयार करना, अवकाश, ई.पी.एफ. आदि तैयार किये जाते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी आधारित मैस खाते की स्थिति, मैस आहार की गणना, विश्लेषण एवं वाउचर का इन्दाज आदि कार्य प्रगति पर हैं।
8. सभी छात्रावासों में अन्तनिहित एवं बाह्यगत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसी प्रकार समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं सहित अध्ययन कक्ष सुविधा प्रत्येक छात्रावास में उपलब्ध है।
9. छात्रावास संख्या 1 से 7 के लिए 4 फॉक्स स्नानघर/शौचालय में यंत्रीकृत मशीनें लगाई गई हैं।
10. अरबिन्दो छात्रावास में अत्यन्त रमणीय बगीचा एवं पेड़–पौधे विकसित किये गये हैं।
11. प्रत्येक छात्रावास तथा मैसों में वॉटर कूलर एवं जल शुद्धिकरण यंत्र लगे हैं।
12. शीतकालीन सत्र के लिए प्रतयेक छात्रावास में स्नानघर में गर्म पानी के लिए गीजर लगे हुए हैं।

13. छात्रावास कार्यालय के लेखों का संधारण ई.आर.पी. के माध्यम से किया जाता है। चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट फर्म मैसर्स एम. रघुमाथन एवं एसोसिएट्स द्वारा संस्थान मैस कोष का अंकेक्षण करने के लिए अधिकृत है।

**चिकित्सा सुविधा**

संस्थान परिसर में एक चिकित्सालय है जिसका समय प्रातः 8 से सायं 8 बजे तक है जिसमें डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टॉफ की टीम है। एन्टी रेगिंग अवधि के दौरान एक एम्बुलेन्स छात्रावास कार्यालय में विद्यार्थीयों की कॉल हेतु उपलब्ध रहती है। रात्रि में एक वाहन चालक एम्बुलेन्स सहित छात्रों की आपातकालीन सुविधा हेतु मौजूद रहता है। प्रत्येक छात्रावास में वाहन चालको के नाम मय उनके टेलीफोन नम्बर के उपलब्ध हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में यदि चिकित्सालय को दवाईयों की आवश्यकता हुई तो मैस खाते से विद्यार्थियों के ईलाज क लिए दवाईयॉ चिकित्सालय उपलब्ध करवाई जाती है। आपातकालीन स्थिति (या देर रात्रि में) में आवास करने वाले एम्बुलेन्स को किसी अन्य अस्पताल में ले जा सकते हैं।

**कर्मचारी आवास**

कर्मचारी आवासों का विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | आवास वर्ग | आवासों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आचार्य भवन | 198 |
| 2. | ''ए'' प्रकार का आवास | 01 |
| 3. | ''बी'' प्रकार के आवास | 17 |
| 4. | ''सी'' प्रकार के आवास | 20 |
| 5. | ''डी'' प्रकार के आवास | 78 |
| 6. | ''बी.एच'' प्रकार के आवास | 8 |
| 7. | ''डब्ल्यू.डब्ल्यू.एच'' प्रकार के आवास | 12 |
| 8. | ''एफ'' प्रकार के आवास | 66 |
| 9. | ''एच'' प्रकार के आवास | 52 |

# 10. उल्लेखनीय उपलब्धियां

11 वें दीक्षांत समारोह में 55 बी. आर्क., 615 बी. टेक., 288 एम.टेक., 14 एम. प्लानिंग, 43 एम.एससी., 31 एमबीए, 57 पीएच.डी. शोधार्थी डिग्री प्रदान की गईं।

## 10.1 शोध, विकास एवं सलाहकारिता

एक संस्थान तब ही आगे बढ़ सकता है जब शोध एवं शिक्षण एक साथ बिना किसी बाधा के पोषित हो सकें, एक के बिना दूसरा अधूरा है। हमनेऐसा वातावरण सुनिश्चित किया है जो सीखने में सहायक हो, श्रेष्ठ अन्तरराष्ट्रीय विधियों तक पहुंच दे और नवाचार व सृजनात्मकता को प्रोत्साहन दे।एमएनआईटी में शोध के प्रमुख क्षेत्रों में नैनो टैक्नोलॉजी, आपदा प्रबंधन एवं राहत, उर्जा, पत्थर, मिश्रित धातु, रोबोटिक्स, जैव ईंधन, एवं हरित भवन हैं। करीब 45 करोड़ मूल्य की 160 परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। मुख्य वित्त पोषण करने वाली संस्थाएं हैः यूएस–इंडिया साइंस एवं टेक्नोलॉजी फोरम, क्रेनफील्ड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया, डीएसटी, नव एवं अक्षत उर्जा मंत्रालय, डीईआईटीवाई,डीआरडीओ, आईएसआरओ, बीआरएनएस इत्यादि शामिल हैं।

950 सलाहकारिता परियोजनाएं जिनकी परिधि करीबन 15 करोड़ हैं एमएनआईटी को अनुदानित की गई हैं। एमएनआईटी में हुए शोध के फलस्वरूप 38 पेटेंट दाखिल किए गए हैं।

संस्थान ने मारुति, एचएमटी, आरईआईएल, वेल्स्पून कॉरपोरेशन, एरिक्सन, इंफोसिस इत्यादि के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किए हैं।

## 10.2 उत्कृष्टता के केन्द्र

संस्थान के पास धातुविज्ञान, पत्थर, उर्जा, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन एवं राहत के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए अत्यधिक आधुनिक शोध केन्द्र हैं, एक पल्लवन एवं नवाचार केन्द्र, इस्पात केन्द्र, और सेंटर फॉर ट्राइबोलोजी

अक्षत उर्जा के क्षेत्र में बहुविध क्षेत्र में लागत प्रभावी एवं सतत नवाचार को गति देने एवं विकास सुविधाओं की स्थापना करने को दृष्टिगत रखते हुए उर्जा एवं पर्यावरण केन्द्र की स्थापना 2012 में हुई

केन्द्र में वर्तमान 16 छात्र पीएच.डी के लिए पंजीकृत हैं। 30 एम.टेक शोधार्थी एवं 12 परियोजना कर्मचारी हैं। करीब 9 करोड़ की लागत की सात परियोजना प्रगति पर हैं। और इन्हें वित्त पोषित करने वाली संस्थाओं में डीबीटी, डीएसटी, यूकेआईईआरआई, इन्डो, यूएसएसटीएफ, एमएनआरई इत्यादि हैं।

अपनी स्थापना के बाद से ही केन्द्र ने 125 शोध आलेख प्रकाशित किए हैं और 2 पेटेंट दाखिल किए हैं। केन्द्र भारतीय हरित भवन परिषद, साउथ एशिया एनर्जी एशिएन्सी फोरम व अन्य के साथ मिल कर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशालाध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाता रहा है।

हम लॉरेन्स बर्कले नेशनल लेबोरेट्री, यूएसए, ऑकरिज नेशनल लैब. यूएसए, कार्नेगी मेलोन यूनिवर्सिटी, यूएसए, यूनिवर्सिटी ऑफ बॉन, जर्मनी के साथ अकादमिक सहयोग कर रहे हैं।

प्रतिष्ठित व्याख्यताओं को विशेषज्ञध्मेहमान व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया है जिनमें, डॉ. पी. सी. जैन, चौयरमेन, आईजीबीसी, डॉ. जॉन हार्पर, एएमटीईके, यूएसए, मिसेज लुसिन्डा गिब्स, फर्स्ट सोलर, यूएसए, प्रो. मोहम्मद आरिफ, यू.के, शामिल हैं।

सेंटर फॉर स्टोन, सीडीओएस, के पास उपलब्धि के रूप में, अन्तरराष्ट्रीय जर्नल्स में 26 प्रकाशन, 2 पुस्तक चौप्टर्स, 9 कॉन्फ्रेंस पेपर्स एवं 7 पेंटेंट दाखिले शामिल हैं। 5 पीएच.डी जारी हो चुकी हैं और दो शोध परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

आपदा राहत एवं प्रबंधन केन्द्र का उद्देश्य सामान्य एवं भूकम्प आपदा की स्थितियों को प्रबंधन एवं उनका शमन करने के लिए कार्य करना है। इस गतिविधि में प्रयोगात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध शामिल है। इसमें 10 संबंधित संकाय सदस्य, भूकम्प अभियांत्रिकी में पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित है। केन्द्र में एक उच्च स्तरीय उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला भी

एडीएस टी की ओर से वित्त पोषित 5.4 करोड़ की परियोजना प्रगति पर है।

केन्द्र का मार्गदर्शन प्रो. टी. के. दत्ता, आईआईटी दिल्ली से सेवानिवृत, प्रो. सीवीआर मूर्ति, आईआईटी जोधपुर, प्रो. आर. जांगिड़, आईआईटी बोम्बे एवं डॉ. शैलेष अग्रवाल, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय कर रहे हैं।

एमएचआरडी एवं डीएसटी ने एमएनआईटी में एक तकनीकी व्यवसाय पल्लवन केन्द्र (टीबीआई) की स्वीकृति दी है।.

यह एक सोसायटी के रूप में एमआईआईसी के नाम के तहत पंजीकृत है। केन्द्र अभी अस्थायी तौर पर प्रभा भवन में कार्यशील है। स्थायी भवन निर्माणाधीन है और इसके इस वर्ष जुलाई तक पूरा हो जाने की संभावना है। केन्द्र के साथ 5 कम्पनियां पंजीकृत हो चुकी हैं। मशीनों की खरीद प्रक्रियाधीन है, सुविधाएं जैसे जगह, मशीन, प्रयोगशाला, उद्योगों, वेंचर कैपिटलिस्ट्स एवं एंजल इन्वेस्टर्स के साथ चर्चा, मेल मिलाप मुहैय करवाया जाएगा। कुछ उद्यमिता विकास कार्यक्रम एमएनआईटी एवं राजस्थान के अन्य तकनीकी संस्थानों में आयोजित किए गए हैं।.

एमआरसी ने पिछले वर्ष एक राष्ट्रीय संगोष्ठी, दो आमंत्रित वार्ताएं, एक ग्रीष्म प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एक लघुअवधि पाठ्यक्रम का आयोजन किया है। केन्द्र के द्वारा आप्टिकल, स्टाइलस प्रोफिलोमीटर्स एवं एएफएम पर एक तकनीकी प्रस्तुतिकरण तथा धातु, उर्जा एवं पर्यावरण पर एक सिम्पोजियम का आयोजन भी किया गया।

### 10.3 आधारभूत संरचना विकास

विवेकानन्द व्याख्यान थिएटर परिसर (वीएलटीसी) में 42 कमरे 120 की बैठक क्षमता वाले और 6 हाल, 240 की बैठक क्षमता के साथ वाले पूर्ण हो चुके हैं। परिसर में उर्जा मितव्ययी कांच की खिड़कियां एवं छत पर सोलर पैनल लगे हैं।

198 बहुमंजिला टाइप VI क्वार्टर पूर्ण होने के निकट हैं। यह कर्मचारियों को उच्च स्तरीय आवासीय सुविधा प्रदान करेंगे।

खेल परिसर जिसमें 2 बास्केट बाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, टेबिल टेनिस, बिलियर्ड्स, स्क्वैश, मार्शल आर्ट्स, वेट लिफ्टिंग, एवं अन्य इंडोर गेम्स की योजना बनाई गई है और इसका कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर प्रारम्भ होगा।

संस्थान को बीसलपुर पानी की लाइन मे से 3एमएलडी पेयजल पानी का कनेक्शन जारी किया गया है। दो साफ पानी के तालाब 750 केएल क्षमता के, का निर्माण प्रगति पर है और उनके इस वर्ष अप्रैल तक पूर्ण होने की संभावना है।सीवेज ट्रीटमेंट प्लान कार्यशील है और इससे निष्कासित पानी का उपयोग संस्थान में उद्यानिकी में किया जा रहा है। एसटीपी से पानी के परिवहन के लिए एक सिंचाई नेटवर्क की योजना बनाई गई है और इसके इस वर्ष मार्च में कार्यशील हो जाने की संभावना है।

छात्राओं के लिए एक 884 बिस्तरों वाला छात्रावास निर्माणाधीन है। इसका कार्य सीपीडबल्यूडी को सौंपा गया है। जिसके दिसम्बर 2017 में पूर्ण होने की अपेक्षा है।

पल्लवन केन्द्र का निर्माण प्रारम्भ हो गया है और इसके जुलाई 2017 तक पूर्ण होने की संभावना है।

वास्तुकला विभाग का द्वितीय तल निर्माणाधीन है। इसके इस वर्ष जून तक पूरा होने की संभावना है।

राष्ट्रीय मानकों पर बेस आइसोलेशन सिस्टम पर परीक्षणों के लिए एक राष्ट्र स्तरीय विशिष्ट सुविधाकेन्द्र के निर्माण की योजना बनाई गई है।

### 10.4 विद्यार्थी गतिविधि

रचनात्मक कला एवं संस्कृति के तहत नौ सोसायटियों ने विभिन्न गतिविधियां जैसे नाटक, डांडिया नाइट, नारा लेखन, वाद–विवाद, देशभक्ति गान प्रतियोगिता, कोड फ्राइडे, गीजल–बोट्स, मॉडल युनाइटेड नेशन्स, टेडएक्स टॉक एवं अन्य का आयोजन किया। स्पिकमैके के तहत अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के कलाकारों ने गायन व वादन प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। नौ सोसायटियों ने संयुक्तरूप से संस्थान के वार्षिक तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव ब्लिट्श्लैग का आयोजन किया।

एलुमनाई कमेटी ( एल्कॉम) ने दुर्घटना पश्चात देखभाल पर वर्कशॉप का आयोजन किया। 1971–76 बैच के लिए रूबी मीट का आयोजन किया गया। 1966 के प्रवेश बैच के लिए गोल्डन जुबली समारोह एवं 1991 बैच के लिए सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन किया गया।

छात्र मार्गदर्शन कार्यक्रम ( एसएमपी) की ओर से नवागंतुक छात्रों के लिए एक तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समूह ने नवागंतुकों को कोटा से श्री हरिकोटा और सीक्रेट्स ऑफ सक्सेस जैसे विषयों पर बोलने के लिए व्याख्यानकर्ताओं को आमंत्रित किया। इसी के तहत पतंग उत्सव एवं स्कॉलर्स कप अन्य कार्यक्रम हैं जिनका आयोजन किया गया।

एमएनआईटी के विद्यार्थियों ने इन्टर एनआईटी एथलेटिक्स एवं जिम्नास्टिक मीट, वॉलीबाल, बैडमिंटन, बास्केटबाल, क्रिकेट एवं कबड्डी में पदक जीते हैं। विद्यार्थियों ने बिट्स पिलानी में बीओएसएम में व आईआईटी बीएचयू में स्पर्धा में भागीदारी की।

एमएनआईटी ऐसी एक मात्र एनआईटी है जिसे उन्नत भारत योजना के तहत 5 गांवों को स्मार्ट गांव बनाने का लक्ष्य दिया गया। इसके तहत पेयजल, नालियां, रोड लाइट, शौचालय, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास जैसे मुद्दों पर इसके तहत कार्य किया गया। राज्य प्रशासन के अधिकारियों के साथ भावी योजना बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ ने 45 छात्रवृत्तियां वितरित कीं।

329 छात्रों को 1.5 करोड़ मूल्य की छात्रवृत्तियां वितरित की गईं। 9 छात्रों को फ्रीशिप दी गई और 4 विद्यार्थियों को व्हीलचेयर दी गई। 4063 विद्यार्थियों को स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत बीमा सुरक्षा दी गई।

### 10.5 पुस्तकालय

पुस्तकों का पूरा सक्रिय भंडार केओएचए, क्लाउड आधारित ओपन सोर्स सोफ्टवेयर, में संधारित कर दिया गया है। पुस्तकालय की सभी पुस्तकों पर आरएफ टैग लग गए हैं और उन्हें इलेक्ट्रानिक ट्रॉली के जरिए लौटाया जा सकता है। सभी उपयोक्ताओं को स्मार्ट कार्ड उपलब्ध करवाए गए हैं। पूरा पुस्तकालय वाई–फाई से सुसज्जित है। हमारे पास मुख्य पुस्तकालय एवं बुक बैंक में छपी हुई पुस्तकों का एक बहुत संपन्न संग्रह है। सभी विषयों मेंकई प्रतिष्ठित जर्नलध्डाटाबेस की ग्राहकी को आजीवन आधार पर अर्जित कर लिया गया है।

पुस्तकालय ने योग दिवस, राष्ट्रीय एकता सप्ताह के मौके पर पुस्तक प्रदर्शनी एवं एक अन्य तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पुस्तकालय का ओरिएंटेशन करवाया गया है।

### 10.6 प्रशिक्षण एवं नियोजन

कुल 98 कम्पनियों ने परिसर का दौरा किया। संस्थान के 316 विद्यार्थियों को पूर्व नियोजन एवं नियोजन प्रस्ताव दिए गए।52 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के प्रस्ताव मिले। उच्चतम वेतन पैकेज 29 लाख रहा जबकि न्यूनतम वेतन पैकेज 3.25 लाख रहा। अमेजन, डीई शॉ, अर्केसियम, ड्युश बैंक एवं एडोबी उन कुछ कम्पनियों में से रही जिन्होंने 10 लाख से ज्यादा का वेतन पैकेज का प्रस्ताव दिया।

प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ ने व्यक्तित्व विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन किया और इसके साथ ही बॉश इंडिया के गुणवत्ता प्रमुख का अतिथि व्याख्यान भी आयोजित करवाया। इसके अलावा डाटा एनेलेटिक्स एवं कॉग्नेटिव कम्प्युटिंग पर एक अन्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### 10.7 अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियां

डीएसटी ने तीन इंस्पायर संकाय अवार्ड्स का वित्त पोषण किया है, और भौतिक विज्ञान विभाग में तीन महिला वैज्ञानिक अवार्ड दिए गए हैं। भौतिक विज्ञान विभाग के दो सदस्यों को अर्ली कैरियर रिसर्च अवार्ड्स मिले हैं। पिछले वर्ष के दौरान प्रमुख समीक्षा जर्नल्स में 60 शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। विभाग के संकाय सदस्यों ने जर्मनी एवं इटली में प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया है।

मैकेनिकल अभियांत्रिकि विभाग ने श्री आई.सी. झा, वाइस प्रेसीडेंट, निर्माण, एनईआई एवं स्पेक्ट्राक्वेस्ट , यूएसए के डॉ. सूरी गनेरीवाला को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। विभाग ने मारुति, एचएमटी, एनआईटीआईई एवं एमएसआईएल के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किए हैं। उन्होंने तीन जीआईएएन पाठ्यक्रम, एडवांस्ड ऑप्टिमाइजेशन तकनीकों पर एक एसटीपी एवं राजकीय महिला इंजिनीयरिंग कॉलेज अजमेर के लिए एक फिनिशिंग स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया है।.

मानविकी विभाग के संकाय सदस्यों को विशेषज्ञ व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। विभाग की ओर से जर्मन भाषा पर एक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जर्मन के 40 व्याख्याताओं ने सहभागिता की। उत्तरपूर्व भारत में भेदभाव एवं अलगाववाद की राजनीति पर एक परियोजना इस वर्ष पूर्ण हुई है।

मैटलर्जिकल एवं मैटरियल्स इंजीनियरिंग विभाग ने 23 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, 3 पेटेंट दाखिल किए हैं, 5 एकध्दो दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया है और 3.3 करोड़ रुपए मूल्य की 6 परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने एडवांस्ड

मैटेरियल्स प्रोसेसिंग, फेरस मेटलर्जि में हाल ही हुई प्रगति , कास्टिंग के सोलिडिफिकेशन जैसे विषयों पर कई सेमीनार, सिम्पोजियम, कॉन्फ्रेंसेज एवं लघु अवधि पाठ्यक्रम आयोजित किए हैं।.

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने 6 लघु अवधि पाठ्यक्रम एवं 5 आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किए हैं। विभाग के प्रो. आर.पी. यादव की ओर से सतर्कता सप्ताह मनाया गया।

